रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 178] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 2, 2015/आषाढ़ 10, 1937
No. 178] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 2, 2015/ASHADHA 10, 1937

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 जुलाई, 2015

(अंतिम जांच परिणाम)

विषय : चीन जन.गण. और इंडोनेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "निश्चित फ्लोट ग्लास" के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की द्वितीय निर्णायक समीक्षा (एसएसआर)।

फा. सं.15/24/2013-डीजीएडी.— यतः, 1995 में यथा-संशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम कहा गया है) और उसके अंतर्गत बने सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए भारत में फ्लोट ग्लास के घरेलू उत्पादकों की ओर से दायर विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र के आधार पर और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार में पूर्वोक्त नियमावली के अंतर्गत नियुक्त निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात प्राधिकारी कहा गया है) ने दिनांक 03 जनवरी, 2014 की अधिसूचना संख्या 15/24/2013-डीजीएडी के तहत एक निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत यह जांच करने के लिए की कि क्या चीन जन.गण. और इंडोनेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित निश्चित फ्लोट ग्लास के आयातों पर प्रभावी शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन तथा घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. उपर्युक्त अधिनियम और नियमावली को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी ने दिनांक 05 जुलाई, 2002 की अधिसूचना संख्या 14/19/2002-डीजीएडी के तहत चीन जन.गण. और इंडोनेशिया (जिन्हें एतद्पश्चात "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "निश्चित फ्लोट ग्लास" के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की शुरूआत की थी।

2. प्राधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच-परिणाम दिनांक 20 नवम्बर, 2002 की अधिसूचना संख्या 14/19/2002-डीजीएडी के तहत जारी किया था और केंद्रीय सरकार द्वारा दिनांक 07 जनवरी, 2003 की अधिसूचना संख्या 7/2003-सीमाशुल्क के तहत अनंतिम शुल्क अधिरोपित किया गया था। प्राधिकारी द्वारा अंतिम जांच परिणाम दिनांक 22 अगस्त, 2003 की अधिसूचना संख्या 14/19/2002-डीजीएडी के तहत जारी किया गया था। प्राधिकारी द्वारा केंद्रीय सरकार द्वारा संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित उपर्युक्त वस्तु आयातों पर दिनांक 12 नवम्बर, 2003 की अधिसूचना संख्या 165/2003-सीमाशुल्क के तहत निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किया गया था।

3. उपर्युक्त शुल्क की समाप्ति से पहले मैसर्स सेंट गोबैन इंडिया लिमिटेड, भारत में संबद्ध वस्तु के प्रमुख घरेलू विनिर्माता, ने प्राधिकारी के समक्ष वर्ष 2007 में विधिवत साक्ष्यांकित एक आवेदनपत्र, अधिनियम और नियमावली के अनसुार शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित उपर्युक्त वस्तु के पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने तथा उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने का आरोप लगाते हुए दायर किया और संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "निश्चित फ्लोट ग्लास" के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता बनाए रखने और उसमें संवृद्धि करने के लिए समीक्षा करने का अनुरोध किया।

4. घरेलू उद्योग द्वारा दायर विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र के आधार पर प्राधिकारी ने दिनांक 13 दिसम्बर, 2007 की अधिसूचना संख्या 15/01/2007-डीजीएडी के तहत उपर्युक्त नामित देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "निश्चित फ्लोट ग्लास" के आयातों पर प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा प्रारंभ की। प्राधिकारी ने दिनांक 02 दिसम्बर, 2008 की अधिसूचना संख्या 15/01/2007-डीजीएडी के तहत अंतिम जांच परिणाम जारी किए थे। प्राधिकारी द्वारा अंतिम जांच परिणाम में की गई सिफारिश के आधार पर केंद्रीय सरकार द्वारा, संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्याति उपर्युक्त वस्तु के आयातों पर दिनांक 06 जनवरी, 2009 की अधिसूचना संख्या 04/2009-सीमाशुल्क के तहत निर्णायक पाटनरोधी शुल्क अगले पांच वर्षों की अवधि अर्थात दिनांक 05 जनवरी, 2014 तक बढ़ा दिया था।

5. वर्ष 2013 में भारत में इस संबद्ध बड़े घरेलू विनिर्माताओं मैसर्स गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड, मैसर्स एचएनजी फ्लोट ग्लास लिमिटेड और मैसर्स सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड ने घरेलू उद्योग की ओर से प्राधिकारी ने समक्ष एक विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र, अधिनियम एवं नियमावली के अनुसार, संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित उपर्युक्त वस्तु के पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने और इस शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना का अभिकथन करते हुए दायर किया है और संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता बनाए रखने और उसमें वृद्धि करने के लिए समीक्षा करने का अनुरोध करते हुए दायर किया है।

6. घरेलू उद्योग की ओर से और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार दायर विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र के आधार पर प्राधिकारी ने यह जांच करने के लिए दिनांक 3 जनवरी, 2014 की अधिसूचना संख्या 15/24/2003-डीजीएडी के तहत एक निर्णायक समीक्षा जांच प्रारंभ की कि क्या प्रभावी शुल्क को समाप्त कर देने की स्थिति में पाटन एवं घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की वैधता को केंद्रीय सरकार द्वारा दिनांक 23 जनवरी, 2014 की अधिसूचना संख्या 07/2014-सीमाशुल्क (एडीडी) के तहत दिनांक 05 जनवरी, 2015 को शामिल करते हुए उस दिन तक बढ़ा दिया था।

7. प्राधिकारी के अनुरोध पर, केंद्रीय सरकार ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 17 के अनुसार इस जांच को पूरा करने के लिए समयावधि छह अन्य महीनों के लिए अर्थात दिनांक 02 जुलाई, 2015 तक बढ़ा दी है।

8. वर्तमान समीक्षा के दायरे में संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित उपर्युक्त वस्तु के आयातों से संबंधित मूल जांच के सभी पहलू कवर होंगे।

ख. प्रक्रिया

9. संबद्ध जांच के संबंध में निम्नलिखित वर्णित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है :

(i) इस जांच की शुरूआत के संबंध में नई दिल्ली स्थित संबद्ध देशें के राजदूतावासों को नियम 6(2) के अनुसार सूचित किया गया।

(ii) प्राधिकारी ने आवेदनपत्र के अगोपनीय पाठ की प्रतियां उपरोक्त नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार संबद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों और राजदूतावासों को उपलब्ध कराई। आवेदनपत्र के अगोपनीय पाठ की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी उपलब्ध कराई गई और इसे, अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराया गया।

(iii) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति संबद्ध देशों के निम्नलिखित ज्ञात विनिर्माताओं/निर्यातकों (जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और नियम 6(2) एवं 6(4) के अनुसार उन्हें इस पत्र की तारीख से चालीस दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप में अवगत कराने का अवसर भी प्रदान किया :

चीन

1. मैसर्स लुओंयग फलोट ग्लास ग्रुप कंपनी लिमिटेड
2. मैसर्स क्विंगहुआंग्डाओ हुआझोऊ ग्लास कंपनी लिमिटेड, चीन

इंडोनेशिया

1. मैसर्स पीटी मुलिआ इंडस्ट्रिण्डो
2. मैसर्स पीटी तेन्सिण्डों
3. मैसर्स पीटी आब्डी रक्यात बक्ती

10. चीन एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश होने के कारण चीन जन.गण. के सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था दर्जा (एमईटी) प्रश्नावली भी प्रेषित की गई और चीन जन.गण. के राजदूतावास से यह अनुरोध किया गया कि वह निर्धारित समय-सीमा के अंदर प्राधिकारी को संगत सूचना प्रदान कराए। हालांकि, इस जांच की शुरूआत के प्रयोजन के लिए चीन में सामान्य मूल्य पर विचार भारत संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत, विधिवत समायोजित, के आधार पर किया था, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को यह सूचित किया कि उनका प्रस्ताव आवेदकों के दावे की जांच, यथासंशोधित, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 और पैरा 8 के आलोक में करने का है। इसलिए, चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों/निर्यातकों से यह अनुरोध किया गया कि वे ऊपर उल्लिखित अनुबंध-1 के पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में यथा-उल्लिखित आवश्यक सूचना प्रस्तुत करें जिससे कि प्राधिकारी यह विचार करने में सक्षम हो सकें कि क्या उस देश के सहयोगकर्ता उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था उपचार प्रदान किया जा सकता है। तथापि, चीन जन.गण. के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने इस संबंध में कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया है।

11. संबद्ध देशों के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली दायर नहीं की है।

12. प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक नोटिस की प्रतियां भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/उपभोक्ताओं (जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित कीं और उन्हें यह परामर्श दिया कि नियम 6(4) के अनुसार पत्र जारी होने की तारीख से चालीस (40) दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप से अवगत कराएं :

(i) महावीर मिरर इंडस्ट्रीज
(ii) इम्पैक्ट सेफ्टी ग्लास वर्क्स (प्राइवेट) लिमिटेड
(iii) लिबर्टी ग्लास हाउस
(iv) मोनिका एक्जिम इंटरनेशनल लिमिटेड
(v) चिनाय चिबलानी एंड कंपनी
(vi) मैसर्स टी एल वर्मा एंड कंपनी
(vii) राजीव इंटरप्राइजेज/समर्थ इंडस्ट्रीज

13. किसी भी आयातक/प्रयोक्ता/अन्य हितबद्ध पक्षकार ने विनिर्धारित प्रश्नावली में कोई प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया। तथापि, क्षति के संबंध में निम्नलिखित के द्वारा विधिक प्रस्तुतिकरण दायर किया गया :

(i) फेडरेशन आफ सेफ्टी ग्लास मैन्यूफैक्चरर्स, इंडिया (जिन्हें एतद्वारा "एफओएसजी" कहा गया है)

(ii) मैसर्स अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड, भारत

14. वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकीय महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से अवाप्त खेंपवार आयात आंकड़ों पर वर्तमान एसएसआर जांच में विश्लेषण के लिए भरोसा किया गया है। इसके अतिरिक्त प्राधिकारी ने संभावना के आकलन के प्रयोजनार्थ प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने के लिए जांच की अवधि के पश्चात (जुलाई, 2013 – दिसम्बर, 2013) के आयात आंकड़ों की भी जांच की है।

15. उन निर्यातकों, उत्पादकों, आयातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जिन्होंने प्राधिकारी को न तो कोई प्रत्युत्तर दिया और न ही इस जांच से संगत सूचना प्रेषित की, प्राधिकारी द्वारा असहयोगकर्ता हितबद्ध पक्षकार के रूप में माना गया है।

16. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने, जहां कहीं अधिपत्रित हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया और ऐसी सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया गया। जहां कहीं संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान कराने वाले पक्षकारों को यह निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ भी प्रस्तुत करें।

17. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय पाठ को नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए रखी एक सार्वजनिक फाइल को उपलपब्ध कराया गया। सैन डिस्क मामले में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसरण में डीजीसीआईएंडएस से अवाप्त आयात आंकड़ों के अगोपनीय पाठ को हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुली एक सार्वजनिक फाइल में प्राधिकारी द्वारा इस मामले के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय, भारत में दायर अपील की पूर्वावधारण के बिना रखा गया।

18. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच उत्पादन लागत का निर्धारण करने के लिए की और भारत में संबद्ध वस्तु की गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण, संगत परम्परा के अनुसार किया जिससे कि यह सुनिश्चय किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से न्यूनतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति, यदि कोई है, को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

19. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने दिनांक 29.04.2015 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने विचार मौखिक रूप से व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। हितबद्ध पक्षकारों से यह अनुरोध किया गया कि वे मौखिम रूप से अभिव्यक्त अपने विचारों का लिखित प्रस्तुतिकरण भी करें।

20. जांच की कार्रवाई के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों का समाधान इस जांच में उस सीमा तक कर दिया गया जहां तक उसे संगत पाया गया और साक्ष्यों द्वारा उसका समर्थन किया गया।

21. प्रतिभागिताकारी घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और आंकड़ों का सत्यापन आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया।

22. जहां कहीं किसी हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान जांच की कार्रवाई के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुंच की मनाही की है अथवा अन्यथा आवश्यक सूचना प्रदान नहीं कराई है अथवा जांच में भारी व्यवधान उत्पन्न किया है वहां प्राधिकारी ने "उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना" का प्रयोग किया है और ऐसे पक्षकारों को असहयोगकर्ता पक्षकार के रूप में माना है।

23. नियमावली के अनुसार प्राधिकारी ने अपने जांच-परिणाम का आधार तैयार करने से पहले इस मामले के अनिवार्य तथ्यों का प्रकटन दिनांक 23 जून, 2015 को प्रकटित एक प्रकटन विवरण के रूप में किया है और हितबद्ध पक्षकारों ने इस पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए 29 जून, 2015 तक का समय दिया है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई टिप्पणियों पर प्राधिकारी द्वारा संगत मानी गई सीमा तक विचार किया गया और उनका इस अंतिम जांच-परिणाम में समाधान कर दिया गया।

24. इस जांच परिणाम में **** हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का प्रतिनिधित्व करता है और प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत उसे वैसा ही माना है।

25. इस जांच के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि जुलाई, 2012 से जून, 2013 है और क्षति जांच के प्रयोजनार्थ वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 की अवधि तथा जांच की अवधि तक के आंकड़ों पर विचार किया गया है।

26. प्राधिकारी ने इस जांच की अवधि के लिए विनिमय दर संपरिवर्तन 55.15/-रुपए = 01 अमरीकी डालर के रूप में अपनाई है।

ग. विचाराधीन उत्पाद का दायरा और समान वस्तु हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया प्रस्तुतिकरण

27. मूल जांच तथा उत्तरवर्ती निर्णायक समीक्षा जांचों में विचाराधीन उत्पाद का निम्नवत उल्लेख किया गया है :

"सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (1975 का 51) की प्रथम अनुसूची के शीर्षक 7005 के अंतर्गत आने वाला क्लीयर एवं टिन्टेड वैरायटी (हरित ग्लास के अलावा) का 2 एमएम से 12 एमएम की मोटाई का फ्लोट ग्लास, परंतु इसमें सजावटी, औद्योगिक अथवा आटोमोटिव प्रयोजनों के लिए प्रयोग किया जाने वाला प्रसंसाधित ग्लास समावेशित नहीं हैं।"

28. याचिकाकर्ता का यह दावा है कि इस संबद्ध वस्तु का आयात प्रशुल्क कोड 70051010, 70051090, 70052190, 70052110, 70052910, 70052990, 70053010 और 70053090 के अंतर्गत किया जाता है।

29. इस विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु के संबंध में किसी भी उत्पादक/निर्यातक द्वारा कोई प्रस्तुतिकरण नहीं किया गया है। तथापि, मैसर्स अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड और फेडरेशन आफ सेफ्टी ग्लास (एफओएसजी) ने अपने प्रस्तुतिकरणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित तर्क दिया है :

- यह कि आवेदक घरेलू उत्पादकों ने सऊदी अरेबिया, पाकिस्तान और यूएई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित क्लीयर फ्लोट ग्लास के आयातों के संबंध में प्रारंभ की गई पाटनरोधी जांच (दिनांक 11 अप्रैल, 2013 की जांच शुरूआत अधिसूचना संख्या 14/25/2012 के तहत शुरू की गई) के लिए अपनी याचिका में विचाराधीन उत्पाद के दायरे के अंतर्गत 4 एमएम – 12 एमएम की मोटाई के फ्लोट ग्लास को शामिल किए जाने का अनुरोध किया है। किसी अन्य जांच में इस विचाराधीन उत्पाद की ऐसी परिभाषा के परिणामस्वरूप यह युक्तिसंगत ढंग से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आवेदक घरेलू उत्पादक 4 एमएम की मोटाई से कम मोटाई के फ्लोट ग्लास का विनिर्माण नहीं कर रहे हैं और तदनुसार ही इसका अपवर्जन किया गया है। तदनुसार, इस समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास का अपवर्जन करने के उद्देश्य से प्रतिबंधित कर देने की जरूरत है।

- यह कि 4 एमएम से अधिक की मोटाई का फ्लोट ग्लास 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास के "समान उत्पाद" नहीं है क्योंकि उनकी कोई वाणिज्यिक प्रतिस्पर्धा नहीं है। "समान उत्पाद" होने के उद्देश्य के लिए वे वाणिज्यिक एवं तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय होने चाहिए। 4 एमएम से अधिक की मोटाई का फ्लोट ग्लास 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास से वाणिज्यिक एवं तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं है। विभिन्न मोटाई के फ्लोट ग्लास का विनिर्माण करने में अंतर्ग्रस्त उत्पादन और लागत के संबंध में फ्लोट ग्लास की उत्पादन प्रक्रिया में भारी अंतर है। इसलिए, 4 एमएम से अधिक की मोटाई का फ्लोट ग्लास 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास से न तो वाणिज्यिक रूप से और न ही तकनीकी रूप से प्रतिस्थानीय है।

- यह कि उत्पाद दायरे में निर्णायक समीक्षा में परिवर्तन किया जा सकता है और डीजीएडी ने अपनी पिछली जांचों में इसमें इस कारण से परिवर्तन भी किए हैं कि घरेलू उत्पादक प्रश्नावली उत्पाद का उत्पादन नहीं कर रहे हैं।

30. घरेलू उत्पाद ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) यह कि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है। तदनुसार, वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा वही रहना चाहिए जो मूल जांच में था। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने भी घरेलू उद्योग के इस विचार की कोरिया आरपी से एसीटोन (एसएसआर) के मामले जैसे कई समान मामलों में पुष्टि की है।

(ii) यह कि घरेलू उद्योग ने क्षति जांच अवधि के दौरान 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास का भी उत्पादन किया है और कतिपय हितबद्ध पक्षकारों द्वारा व्यक्त की गई आशंका निराधार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में प्रतिदर्श बीजकों के रूप में साक्ष्य भी प्रस्तुत किया है। घरेलू उद्योग ने अपनी इस बात को पुन: दोहराया है कि उनके प्रस्तुतिकरण उनके इस दावे की पूर्वाधारणा के बिना किए गए हैं कि विचाराधीन उत्पाद में निर्णायक समीक्षा जांच में परिवर्तन नहीं हो सकता है।

(iii) यह कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा घरेलू उद्योग को विशिष्ट स्रोतों से वास्तविक क्षति पर आधारित है। हालांकि चीन और इंडोनेशिया के मामले में पाटित आयात 2 एमएम से 12 एमएम की मोटाई के लिए क्षति कारित कर रहे हैं वही सऊदी अरेबिया, पाकिस्तान और यूएई के मामले में उत्पाद का दायरा 4 एमएम से 12 एमएम के बीच सीमित कर दिया गया था क्योंकि क्षति उसी सेगमेंट को हो रही थी।

प्राधिकारी द्वारा जांच

31. मूल जांच के साथ-साथ वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद को "क्लीयर तथा टिन्टेड वैरायटी के (हरित ग्लास के अलावा) 2 एमएम से 12 एमएम की मोटाई (दोनों मोटाइयों को समावेशित करते हुए) के फ्लोट ग्लास, परंतु इसमें सजावटी, औद्योगिक अथवा आटोमोटिव प्रयोजनों के लिए रिफ्लेक्टिव ग्लास, प्रसंसाधित ग्लास समावेशित नहीं" के रूप में परिभाषित किया गया है। इस विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा के दायरे से "रिफ्लेक्टिव ग्लास" का अपवर्जन दिनांक 22 मई, 2009 की सीमाशुल्क अधिसूचना संख्या 51/2009-सीमाशुल्क के द्वारा किया गया था। इस विचाराधीन उत्पाद को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 70 में "ग्लास एवं

ग्लासवेअर" श्रेणी के अंतर्गत और फिर सीमाशुल्क वर्गीकरण के अनुसार 7005 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। तथापि, यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी रूप में वर्तमान जांच के दायरे पर बाध्यकार नहीं है।

32. जहां तक 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास का अपवर्जन किए जाने का प्रश्न है प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार उन्होंने क्षति अवधि के दौरान 4 एमएम से कम की मोटाई वाले फ्लोट ग्लास का विनिर्माण किया है और 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास का क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात भी किया गया है और यह समान वस्तुएं हैं। तदनुसार, 4 एमएम से कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास का अपवज्रन करने के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के दावे में कोई विशेषता नहीं है।

33. विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु के मुद्दे के संबंध में किसी अन्य पक्षकार द्वारा कोई अन्य तर्क नहीं दिया गया है। इसलिए, प्राधिकारीयह संपुष्टि करते हैं कि वर्तमान समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद का दायरा वही रहेगा जो मूल जांच में था।

34. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से निर्यात की जा रही संबद्ध वस्तु घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित की जा रही वस्तु से सभी तरह से समान है। इसलिए, घरेलू वस्तु को नियमावली के अभिप्राय के अंतर्गत आयात की जा रही संबद्ध वस्तु के समान वस्तु के रूप में माना गया है।

घ. घरेलू उद्योग एवं आधार

35. निर्णायक समीक्षा के लिए यह आवेदनपत्र मैसर्स सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड, मैसर्स एचएनजी लिमिटेड और मैसर्स गोल्ड ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है जिनका जांच की अवधि के दौरान सामूहिक उत्पादन इस संबद्ध वस्तु के कुल भारतीय उत्पादन का 66 प्रतिशत हिस्सा बनता है। प्राधिकारी के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार देश में इस विचाराधीन उत्पाद के दो अन्य ज्ञात उत्पादक भी हैं नामश: मैसर्स असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड और मैसर्स गुजरात गार्डियन लिमिटेड। यह दोनों इस आवेदन का पूरी तरह से समर्थन करते है। घरेलू उद्योग के आवेदन का वर्तमान जांच में देश में किसी अन्य उत्पादक ने विरोध नहीं किया है। इसलिए, याचिकाकर्ताओं के पास यह आवेदनपत्र दायर करने का आधार है और वे क्षति जांच के प्रयोजनार्थ पाटनरोधी नियमावली में उल्लिखित शर्तों के अनुसार अभिप्राय के अंतर्गत घरेलू उद्योग भी हैं। घरेलू उद्योग का आधार एवं दायरे के संबंध में किसी भी अन्य उत्पादक/निर्यातक/अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई अन्य प्रस्तुतिकरण नहीं किया है।

ड. गोपनीयता

36. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने यह आरोप लगाया है कि आवेदक घरेलू उत्पादकों ने उत्पादन प्रक्रिया, खरीद नीति, बिक्री नीति, मालसूची और गुणवत्ता नियंत्रण क्रियाविधि के संबंध में भारी गोपनीयता का दावा किया है।

37. घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि उन्होंने प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों और विधिक प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त कारणों से अपने व्यवसाय संवेदी सूचना के संबंध में ही गोपनीयता का दावा किया है। गोपनीयता का दावा करने के कारणों एवं आधारों का उल्लेख आवेदनपत्र का दावा करने के कारणों एवं आधारों का उल्लेख आवेदन पत्र के अगोपनीय पाठ में कर दिया गया है। इसलिए, अतिशय गोपनीयता के आरोप लगाते हुए कतिपय हितबद्ध पक्षकारों का दावा निराधार है।

38. यह नोट किया जा सकता है कि इस मामले में किसी भी आयातक अथवा निर्यातक ने कोई भी प्रश्नावली प्रत्युत्तर नहीं दिया है। घरेलू उद्योग के गोपनीयता संबंधी दावों की जांच की गई है और संतष्ट होने पर ही व्यवसाय संवेदी सूचना पर ही गोपनीयता के दावे की अनुमति दी गई है। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न साक्ष्यों के अगोपनीय पाठयुक्त एक सार्वजनिक फाइल सभी हितबद्ध पक्षकारों को अनुरोध करने पर, नियम 6(7) के अनुरूप उपलब्ध कराई है।

च. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दे

च.1. निर्यातकों/आयातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

39. संबद्ध देशों के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने कोई प्रस्तुत नहीं किया है। तथापि, मैसर्स अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड और एफओएसजी ने, अपने-अपने विधिक प्रस्तुतिकरणों में यह आत्माभिव्यक्ति की है कि :

(i) यह कि वर्तमान समीक्षा जांच में मैसर्स अन्जता प्राइवेट लिमिटेड एक हितबद्ध पक्षकार है। यदि जांच की अवधि के दौरान कोई भी आयात नहीं किया जाता है तब भी हितबद्ध पक्षकारों के रूप में याचिका का अधिकार प्रभावित नहीं होता है।

(ii) यह कि एफओएसजी 40 दिनों की अनुमत सीमा के अंदर अपना अभ्यावेदन नहीं कर सका क्योंकि प्रबंधन को आंतरिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था और वह रूपांतरण की प्रक्रियाधीन था। उक्त एसोसिएशन के प्रबंधन में नवम्बर, 2014 में परिवर्तन हुआ और तदनुसार, एफओएसजी ने यथासंभव उपलब्ध समय में अतिशीघ्र अपनी आपत्तियां दायर करने का प्रयास किया। यह प्रासंगिक ही है कि अपनी आपत्तियां दायर करते समय समीक्षा की कार्रवाई पूरी नहीं हुई थी और इस कार्रवाई की अवधि को अगले छह माह की अवधि अर्थात 03/07/2015 तक बढ़ा दिया गया। निर्दिष्ट प्राधिकारी चूंकि एक न्यायिक-कल्प प्राधिकारी हैं, न कि एक "न्यायालय", इसलिए इस कार्रवाई से संबंधित आपत्तियां दायर करने में हुए विलंब के लिए क्षमायाचना करने की जरूरत नहीं है।

(iii) यह कि आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों ने भारत में इस संबद्ध वस्तु के संबंध में आयात आंकड़ों का प्रकटन करते समय केवल परिष्कृत आंकड़े ही प्रस्तुत किए हैं और अपरिष्कृत आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों ने अपनी याचिका में इस विचाराधीन उत्पाद के आयात आंकड़ों का संकलन करने के लिए अपनाई गई क्रियाप्रणाली का प्रकटन नहीं किया है।

(iv) यह कि आवेदक घरेलू उत्पादकों ने समुद्री भाड़ा, सामुद्रिक बीमा, पत्तन प्रहस्तन, अंतर्भूमि भाड़ा और बिक्री कमीशन अथवा बैंक प्रभारों की श्रेणी के अंतर्गत की गई घटौतियों के लिए कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया है।

(v) यह कि प्रतिवादी ने प्राधिकारी ने विभिन्न मोटाई के फ्लोट ग्लास के अंतिम प्रयोग तथा तकनीकी अभिलक्षणों में व्यापक अंतर को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मोटाई के फ्लोट ग्लास के लिए पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन का निर्धारण करने का अनुरोध किया है।

(vi) यह कि हितबद्ध पक्षकारों ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा यूएसडी के लिए अपनाई गई विनिमय दर 55.15/-रुपए है। तथापि, आरबीआई के अनुसार यूएसडी के लिए इस समय प्रचलित दर 63.50/-रुपए है। इसका आशय यह है कि इस समय भारत को किए जा रहे आयातों की कीमत उस कीमत से बहुत अधिक है जिसका प्रयोग उन्होंने जांच की अवधि के दौरान किया था। यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि आवेदक घरेलू उत्पादकों ने कीमत अधोरदन का जो दावा किया है कि 55.15/-रुपए की विनिमय दर पर विचार करने के पश्चात किया है। इस तरह की असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत जहां घरेलू मुद्रा का सवंर्धित दर पर अवमूल्यन हुआ, प्राधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह क्षति के संबंध में कोई भी निर्धारण करते समय इस कारक पर विचार अवश्य करें।

(vii) यह कि घरेलू उद्योग ने मूल जांच में अनंतिम शुल्क का अधिरोपण करने से लेकर अब तक डीजीएडी से पर्याप्त संरक्षण प्राप्त कर लिया है। इस संरक्षण में पिछली निर्णायक समीक्षा जांच में शुल्क में वृद्धि करके पुन: वृद्धि की गई। पिछले दस वर्षों से इतना अधिक संरक्षण प्राप्त होने के बावजूद घरेलू उद्योग अपनी कमजोरी में सुधार करने में असफल रहा और वह प्राधिकारी द्वारा दिए गए संरक्षण पर बढ़-चढ़कर निर्भर हाता जा रहा है। इसलिए, प्रतिवादीगण डीजीएडी से इस पाटनरोधी शुल्क में और अधिक विस्तार न करने का अनुरोध करते हैं।

(viii) यह कि इस निर्णायक समीक्षा को खारिज कर दिया जाना अपेक्षित है क्योंकि समीक्षा की कार्रवाई एक वर्ष की अवधि से अधिक समय के लिए नहीं जारी रखी जा सकती है। नियम 32(2) के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) केंद्रीय सरकार को पाटनरोधी शुल्क के उदग्रहण की अवधि को केवल एक वर्ष तक बढ़ाने का अधिकार केवल ऐसी स्थिति में प्रदान करती है जहां निर्णायक समीक्षा इस शुल्क का अधिरोपण किए जाने की तारीख से पांच वर्षों की समाप्ति से पहले पूर्ण नहीं होती है।

(ix) एफओएसजी भारत में प्रासेस्ड ग्लास विनिर्माताओं का एक परिसंघ/एसोसिएशन है। इस एसोसिएशन के सदस्य टफेंड, इन्सुलेटेड और लैमिनेटेड ग्लासों का विनिर्माण कर रहे "प्रासेस्ड ग्लास इंडस्ट्री" का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा उत्पादित वस्तु की बाजार का आकार भारत में लगभग 2800 करोड़ रुपया है जबकि फ्लोट ग्लास उद्योग का आकार लगभग 4000 करोड़ रुपया प्रति वर्ष है। यह उद्योग भारत में कुल फ्लोट ग्लास बाजार के लगभग 35-40 प्रतिशत की खपत करती है। मूल्य के रूप में भारत में फ्लोट ग्लास उद्योग के कुल लगभग 4000 करोड़ रुपए के प्रति वर्ष बाजार आकार में इसका भाग लगभग 1500 करोड़ रुपया है। इसलिए, फ्लोट ग्लास पर अधिरोपित कोई भी लेवी प्रासेस ग्लास उद्योग पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालेगी।

(x) घरेलू उद्योग, जिसने यह अभ्यावेदन किया है, उसमें उसके उन तीन सदस्यों का ही वर्चस्व है जिन्होंने पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवेदन किया है। इन 3 उद्योगों में अर्थात गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड, एचएनजी फ्लोट ग्लास लिमिटेड और सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड का उत्पादन भारत में फ्लोट ग्लास के कुल उत्पादन का लगभग 68 प्रतिशत उत्पादन (जैसाकि उन्होंने याचिका में स्वीकार किया है) है। इसलिए उनकी समस्त योजना अपने उत्पादन को अधिकतम करने और इस मामले में अन्य तथ्यों का निग्रहण/मिथ्या निरूपण करके पाटनरोधी शुल्क के साधन का प्रयोग करके लाभ अर्जित करना है।

40. उपर्युक्त हितबद्ध पक्षकारों के अलावा, मैसर्स पीटी मुलीग्लास, इंडोनेशिया ने भी सार्वजनिक सुनवाई के स्तर पर संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण किया है जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, यह आत्माभिव्यक्ति की गई कि भारत में घरेलू उद्योग ने पहले ही 12 वर्षों से पाटनरोधी शुल्क का लाभ उठाया है जो उनको अपना उत्पादन और अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए उत्पादन प्राचलों को समायोजित करने के लिए अपेक्षित समय से अधिक समय है। अधिक लंबे समय तक संरक्षण दिए जाने से यह संभव है कि कारटेल की स्थिति पैदा हो जाए जो भारत में अनुप्रवाही उद्योग के लिए हितकर नहीं होगा। यह तर्क दिया गया है कि क्षति जांच अवधि के दौरान भारत को उनका निर्यात बहुत कम है जो यह सिद्ध करता है कि यद्यपि वे भारत में विकास प्रक्रिया में प्रतिभागिता करना चाहते हैं परंतु उनका आशय भारत में संबद्ध वस्तु का पाटन करना नहीं है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), इंडोनेशिया सरकार ने, अपने राजदूतावास के जरिए भी सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण किया था और यह तर्क दिया है कि पाटनरोधी शुल्क का द्वितीय अधिरोपण स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह असंभव है कि याचिकाकर्ताओं को पाटित उत्पादों द्वारा कारित वास्तविक क्षति अभी भी हो रही हो जब कि इंडोनेशियाई उत्पादकों ने भारत को फ्लोट ग्लास का निर्यात नहीं किया। इसके साथ ही डीजीएफटी इंडोनेशिया ने यह प्रस्तुतिकरण भी किया है कि मैसर्स सेंट गोबैन ने इंडोनेशिया के निर्यातकों से इस संबद्ध वस्तु का आयात किया है और इसलिए वे घरेलू उद्योग के रूप में माने जाने के पात्र नहीं हैं। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उपर्युक्त दोनों अभिकथन एक-दूसरे के विरोधी हैं आर यह अभिकथन आंकड़ों द्वारा समर्पित नहीं है।

च.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

41. घरेलू उद्योग अपने विभिन्न प्रस्तुतिकरणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, यह तर्क दिया है कि :

(i) यह कि मैसर्स अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने आयातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर स्पष्टत: इस आधार पर प्रस्तुत नहीं किया है कि उन्होंने संपूर्ण जांच अवधि के दौरान कोई भी आयात नहीं किया था। उपर्युक्त पक्षकार इस बात का कोई कारण नहीं प्रदान कर सकी कि आयातक प्रश्नावली के उन शेष भागों को क्यों नहीं भरा गया जहां तीन वर्षों से पहले की सूचना मांगी गई है। विधि की यह एक सुस्पष्ट स्थिति है कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ग) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार हितबद्ध पक्षकार के रूप में अर्ह बनाने के लिए संबंधित पक्षकार को जांच की अवधि के दौरान एक आयातक होना चाहिए। तथापि, यह उल्लेख किया जा सकता है कि माननीय प्राधिकारी को यह विवेकाधिकार है कि वह किसी भी पक्षकार को दर्शाए गए सदकारणों से हितबद्ध पक्षकार के रूप में अनुमति दें। ऐसे किसी भी अनुरोध अथवा आधार के अभाव में, यह प्रस्तुत किया गया कि उक्त पक्षकार को नियम 2(ग) के आशय के अंतर्गत हितबद्ध पक्षकार के रूप में नहीं माना जा सकता है।

(ii) यह कि एफओएस के प्रस्तुतिकरणों को सिरे से खारिज कर दिया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने अपने प्रस्तुतिकरणों में यह स्वीकार किया है कि वे जांच की शुरूआत की तारीख से 40 दिनों के अंदर अपना प्रत्युत्तर दायर करने में सक्षम नहीं हो पाए क्योंकि इस परिसंघ का प्रबंधन आंतरिक समस्याओं का सामना कर रहा था। इस संदर्भ में घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया है कि प्राधिकारी ने यह जांच 03 जनवरी, 2014 को प्रारंभ की थी जबकि एफओएसजी ने अपना प्रस्तुतिकरण 05 जनवरी, 2015 को अर्थात निर्धारित तारीख से लगभग ग्यारह महीने पश्चात दायर किया था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इस असामान्य विलंब के लिए सदकारणों का प्रदर्शन करने के पश्चात भी इसके लिए खेद व्यक्त नहीं किया।

(iii) संबद्ध वस्तु के लिए आयात आंकड़ों का चयन सौदावार-आयात आंकड़ों में दिए गए प्रत्येक सौदे के विवरण के आधार पर किया है। इस विचाराधीन उत्पाद के लिए आयात आंकड़ों का संग्रह करने के आधार का याचिका में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त, जहां तक स्रोत के अपरिष्कृत आंकड़ों का संबंध है, आवेदन में अवधि एवं प्रशुल्क शीर्षों का उल्लेख किया गया है। जहां तक इस विचाराधीन उत्पाद के संपूर्ण के संबंध में और उन शीर्षकों के संबंध में अपरिष्कृत आंकड़े प्रदान करने की कोई विधिक अपेक्षा नहीं है कि जहां से वे आंकड़े लिए गए हैं उनका प्रस्तुतिकरण के अगोपनीय पाठ में प्रकटन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि यदि हितबद्ध पक्षकारों के अभिवचन को मान लिया जाता है तो इसका वास्तविक आशय यह होगा कि घरेलू उद्योग को उन उप-शीर्षकों का भी विवरण प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा जिनका आयात आंकड़ों का संग्रहण करने के लिए उपयोग नहीं किया गया है।

(iv) यह कि घरेलू उद्योग ने वह सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो युक्तिसंगत रूप से उपलब्ध थे, खासकर इस तथ्य पर विचार करते हुए कि घरेलू उद्योग ने इस जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का स्वयं आयात नहीं किया है। घरेलू उद्योग ने निर्यात कीमत के समायोजन का दावा अपनी बाजार आसूचना में अनुसार किया है जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी की संगत परम्परा के अनुसार जांच की शुरूआत करने के लिए एक पर्याप्त साक्ष्य माना जाता है।

(v) यह कि इस विचाराधीन उत्पाद की लागत और कीमत के संबंध में मोटाई आदि के रूप में अंतरों का समाधान करने और समुचित तुलना करने के लिए टन आधार पर प्रदान कराए गए है।

(vi) यह कि सामान्य मूल्य, गैर-क्षतिकारी कीमत आदि का परिकलन करने के लिए जांच की अवधि की विनिमय दर को अपनाना पाटनरोधी प्राधिकारियों द्वारा अपनाई जा रही एक मानक प्रक्रिया है जो तर्क ठोस आर्थिक और लेखाकरण तर्काधार पर आधारित है। प्राधिकारी द्वारा इस प्रक्रिया को चीन जन.गण. से शीट ग्लास और पाकिस्तान, यूएई और सऊदी अरेबिया आदि से फ्लोट ग्लास जैसे कई मामलों में निरंतर रूप से अपनाया गया है। इसके अतिरिक्त, इन पक्षकारों ने उक्त अधिगम में किसी विधिक या तर्कसंगत अशक्तता का उल्लेख नहीं किया है।

(vii) यह कि हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क के इस निर्णायक समीक्षा को खारिज कर दिए जाने की जरूरत है क्योंकि समीक्षा की कार्रवाई को एक वर्ष से अधिक के समय तक नहीं चलाया जा सकता है, क्योंकि नियम 32(2) के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) केंद्रीय सरकार पाटनरोधी शुल्क का उदग्रहण केवल एक वर्ष की अवधि के लिए करने की शक्ति प्रदान की गई है, यह तर्क अतर्कित और बिना किसी तर्कसंगत खूबी के है। इस प्रसंग में धारा 9क(5) के प्रावधानों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया जिसमें स्वयं यह प्रावधान किया गया है कि शुल्क का अधिरोपण इसके अधिरोपण की तारीख से पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। प्रथम परंतुक के अनुसार इस अवधि को अगले पांच वर्षों की अवधि के लिए पुन: बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते कि उसमें उल्लिखित शर्तें पूरी होती हों। द्वितीय उपबंध में जांच का निष्कर्ष लंबित रहने तक शुल्क के संग्रहण की अवधि को को एक अन्य वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। तदनुसार, यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि किसी जांच की निरंतरता को छह वर्ष की अवधि से अधिक समय तक जारी रखने का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रतिबंध नहीं है, यद्यपि द्वितीय उपबंध के अंतर्गत यह प्रतिबंध हो सकता है कि शुल्क एक वर्ष से अधिक तक के समय के लिए प्रभावी नहीं रखा जा सकता है। स्पष्टत:, वाक्यांश "एक वर्ष से अधिक की अवधि" को शुल्क के संदर्भ में पढ़ा जा सकता है न कि समीक्षा जांच के संदर्भ में।

(viii) इसके अतिरिक्त, पाटनरोधी नियमावली के नियम 17 की ओर प्राधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया जाता है जिसमें जांच को पूरा करने के लिए 18 माह तक की समयावधि की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त, नियम 23(3) स्पष्टत: यह उल्लेख करता है कि समीक्षा जांच के मामले में नियम 6, 7, 8, 9, 10, 11, 16, 17, 18, 19 और 20 के प्रावधान यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे। तदनुसार, नियम 17 के प्रावधान निर्णायक समीक्षा मामलों पर भी लागू होते है। नियम 17(1) का प्रथम प्रावधान विशेष रूप से यह उल्लेख करता है कि केंद्रीय सरकार जांच को पूरा करने के लिए इस एक वर्ष की अवधि को अगले छह माह तक के लिए पुन: बढ़ा सकती है।

(ix) माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय (कुम्हो पेट्रोकैमिकल्स कंपनी लिमिटेड बनाम भारत संघ के एनबीआर मामले में) के अभी हाल ही के निर्णय की ओर माननीय प्राधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया जाता है जिसमें प्राधिकारी को इस तथ्य के बावजूद भी जांच जारी रखने की अनुमति दी गई थी कि पाटनरोधी शुल्क की अवधि पांच वर्ष से अधिक हो रही है। पुन: यह प्रस्तुत किया जाता है कि धारा 9क(5) के उपबंधों, नियम 23 और 17 का केवल सुमेलीकृत निर्वचन ही शुल्क के संग्रहण के परंतुक के साथ पढ़ा जाएगा जो जांच की कार्रवाई पूरी करने की अनुमत अवधि से पृथक है। कोई अन्य निर्वचत निश्चय की धारा 9क(5) में प्रावधान किए गए घरेलू उद्योग के निहित अधिकारों का उल्लंघन होगा। किसी भी हाल में, नियम 23 के इस ढंग से नहीं पढ़ा जा सकता है जिससे यह विधायिका द्वारा निहित अधिकारों का ध्यान कर ले। विधि की यह एक सुस्थापित प्रक्रिया है कि किसी नियम का निर्वचन इस तरह से नहीं किया जा सकता है जिससे मुख्य अधिनियम के उद्देश्य एवं प्रयोजन हताश हों। इसलिए, यह पर्याप्तत: स्पष्ट है कि निर्णायक समीक्षा मामले में कार्रवाई एक वर्ष से अधिक के समय तक के लिए जारी रखी जा सकती है और इस अधिरोध का सर्वोत्तम उपयोग शुल्क का छह वर्षों से अधिक की अवधि के लिए संग्रहण पर ही किया जा सकता है। अत: प्राधिकारी के समक्ष कोई विधिक अदृढ़ता और कमी नहीं है।

(x) यह कि प्राधिकारी ने यह संगत दृष्टिकोण अपनाया है कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य समान अवसर प्रदान करना है और संबद्ध देशों से पाटित आयातों के क्षतिकारी प्रभाव के कारण घरेलू उद्योग को राहत प्रदान करना अथवा शुल्क को वापस लिए जाने की स्थिति में पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने/उसकी पुनरावृत्ति होने की चुनौती से राहत प्रदान करना है।

च. प्राधिकारी द्वारा जांच

42. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उनके समक्ष उठाए गए मुद्दों की जांच निम्नवत की है :

(i) जहां तक आयात आंकड़ों का संबंध है, प्राधिकारी ने सैनडिस्क मामले में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसरण में सार्वजनिक फोल्डर में सौदावार आंकड़े इस पूर्वावधारणा के बिना उपलब्ध करा दिए कि उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय में इसकी अपील की है।

(ii) जहां तक विभिन्न निर्धारणों के लिए प्रयोग किए गए विनिमय दर के संबंध में कुछ हितबद्ध पक्षकारों का संबंध है, प्राधिकारी ने यह नोट किया है कि पाटनरोधी जांच में किए गए सभी निर्धारण एक विशिष्ट अवधि के लिए किए जाते हैं। किसी का भी यह तर्क नहीं है कि एक वर्ष की अवधि के लिए आंकड़ों और विनिमय दर पर किसी अन्य अवधि के लिए (चालू खाता में) विचार किया जाना चाहिए। इससे तस्वीर और अधिक विकृत ही होगी। इसलिए, जांच की अवधि के लिए विनिमय दर का प्रयोग, प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई संगत परम्परा के अनुसार सभी निर्धारणों के लिए किया गया है।

(iii) हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे के संबंध में कि इस निर्णायक समीक्षा को खारिज कर दिए जाने की आवश्यकता है क्योंकि समीक्षा की कार्रवाई को एक वर्ष की अवधि से अधिक की अवधि के लिए नहीं चलाया जा सकता है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि अधिनियम की धारा 9क(5) और नियमावली के नियम 23 का संरचनात्मक निर्वचन यह संकेत करता है कि समीक्षा जांच को इसके प्रारंभ होने की तारीख से एक वर्ष से अधिक की समयावधि के लिए जारी रखने पर कोई विशिष्ट प्रतिबंध नहीं है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस मुद्दे को विभिन्न पक्षकारों ने माननीय न्यायालयों के समक्ष उठाया गया है और न्यायालयों ने इस निर्वचन के विरुद्ध अभी तक कोई निर्णय अभी तक कोई निर्णय नहीं दिया है। उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी घरेलू उद्योग के इस तर्क को स्वीकार करते हैं कि ऊपर उल्लिखित विभिन्न प्रावधानों को पढ़ने का एकमात्र सुव्यवस्थित तरीका यह प्रतिपादित करना है कि निर्णायक समीक्षा की कार्रवाई को विधि के किसी विशिष्ट प्रावधानों का उल्लंघन किए बिना एक वर्ष की अवधि से अधिक की अवधि के लिए की जा सकती है।

(iv) जहां तक इस मुद्दे का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने पिछले 12 वर्षों से पर्याप्त संरक्षण प्राप्त किया है और इस शुल्क की निरंतरता बनाए रखने का घरेलू उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि याचिकाकर्ता इस संरक्षण का उपयोग अपने लाभ को अधिकतम करने के लिए कर रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य सभी को समान अवसर प्रदान करना है और घरेलू उद्योग को पाटन के क्षतिकारी प्रभावों के कारण घरेलू उद्योग को राहत प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, यह भी नोट किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क में घरेलू उद्योग को अनुचित संरक्षण प्रदान करने की प्रकल्पना नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस तरह का कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया है कि संबद्ध देशों से आयातों से विरुद्ध शुल्क की निरंतरता किस तरह अर्थव्यवस्था अथवा देश के व्यापक हित के लिए अलाभकर होगी। तथापि, अनुचित संरक्षण, यदि कोई, के मुद्दे कीर जांच संगत धाराओं के अंतर्गत की गई है ताकि शुल्क का अधिरोपण अनुचित रूप से उस अवधि से अधिक के समय के लिए न किया जा सके, जिसके लिए इसका अधिरोपण किया जाना अपेक्षित है।

43. इस जांच के पक्षकारों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों का समाधान इस विवरण के संगत खंडों में यथावश्यक सीमा तक, जहां तक वे संगत हैं, समाधान कर दिया गया है।

छ. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

छ.1. विधिक प्रावधान

44. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 9क(5) में प्रावधान है कि :

"इस धारा के अंतर्गत अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क, यदि उसका पहले प्रतिसंहरण नहीं कर दिया जाता है तो, ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात निष्प्रभावी हो जाएगा;

शर्त यह है कि यदि केंद्रीय सरकार का, एक समीक्षा में यह विचार है कि ऐसे शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है तो वह, ऐसे अधिरोपण की अवधि को, समय-समय पर अगले पांच वर्षों तक की अवधि के लिए बढ़ा सकती है और यह बढ़ी हुई अवधि ऐसे विस्तार के आदेश की तारीख से शुरू होगी;

शर्त यह भी है कि जब उक्त पांच वर्षों की अवधि की समाप्ति से पहले प्रारंभ की गई किसी समीक्षा का निष्कर्ष ऐसे समापन से पहले नहीं आ सकता है तो ऐसे समीक्षा का परिणाम लंबित रहने तक पाटनरोधी शुल्क एक अन्य वर्ष से अनधिक समय तक जारी रहेगा।"

45. तदनुसार, निर्णायक समीक्षा जांच में यह जांच करना होता है कि :

- क्या पाटन, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण होने के पश्चात भी जारी रहा और यदि ऐसा हुआ तो क्या इसके जारी रहने की संभावना है;
- उन मामलों में जहां पाटन की निरंतरता नहीं होती है तो क्या पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में पाटन की पुनरावृत्ति होगी;
- क्या घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति की निरंतरता बनी रही और यदि ऐसा है तो क्या पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने से घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बनी रहेगी;
- उन मामलों में, जहां घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता नहीं हुई है, तो क्या पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

46. इसलिए, इस तथ्य की जांच करने से पहले कि क्या पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है और ऐसी स्थिति में क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, पाटन एवं क्षति की निरंतरता की जांच की गई है।

छ.2. पाटन की निरंतरता की जांच सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

47. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु के किसी भी उत्पादक अथवा निर्यातक ने अपने सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर कोई सूचना प्रदान करने के लिए कोई भी प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है। किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु की निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के संबंध में कोई प्रस्तुतिकरण नहीं किया है।

48. घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि चीन, एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश होने के कारण उस देश में संबद्ध वस्तु का निर्धारण उस देश में प्रचलित कीमत के आधार पर नहीं किया जा सकता है और इसलिए उसे संरचित किए जाने की आवश्यकता है। चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के संबंध में घरेलू उद्योग ने, अन्य बातों के साथ-साथ, यह तर्क दिया है कि :

(i) बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि प्रतिवादी निर्यातक। कंपनी और उनका ग्रुप समग्र रूप से दावा नहीं करते हैं। वर्तमान मामले में, बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे के लिए कोई दावा नहीं किया गया है। चीन के किसी भी निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है और न ही उन्होंने बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे का दावा किया है।

(ii) जब निर्यातक द्वारा कोई प्रत्युत्तर दायर न किया गया हो तो चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण (क) भारत में कीमत; और (ख) भारत में उत्पादन लागत, बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों और अनुबंध-1 के पैरा में 7 में यथावर्णित प्रक्रिया के अनुसार लाभ सहित, विधिवत समायोजन करते हुए और निर्यातक द्वारा अपनाई जा रही संगत प्रक्रिया के अनुरूप किया जा सकता है। चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में विधिवत समायोजित उत्पादन लागत के आधार पर किया जाना चाहिए।

(iii) चीन के लिए सामान्य मूल्य की संरचना कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर विचार करके और घरेलू उद्योग सहित, सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर खपत मानकों और संपरिवर्तन लागत पर विचार करके किया जा सकता है।

49. जहां तक इंडोनेशिया का संबंध है, घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि वहां के किसी निर्यातक और अथवा किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने उस देश में सामान्य मूल्य के संबंध में सूचना प्रदान करते हुए कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया। इंडोनेशिया से किसी भी प्रकार

के प्रत्युत्तर के अभाव में इस देश के लिए सामान्य मूल्य की संरचना कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर विचार करते हुए और घरेलू उद्योग के खपत मानकों और संपरिवर्तन लागत सहित, इनके संबंध में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना के आधार पर करनी चाहिए।

छ.3. चीन के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

50. जांच की शुरूआत के स्तर पर प्राधिकारी ने इस प्रकल्पना के साथ कार्रवाई की थी कि चीन एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। जांच की शुरूआत करने पर, प्राधिकारी ने चीन के उत्पादकों/निर्यातकों को इस जांच शुरूआत के नोटिस का प्रत्युत्तर देने और उनकी बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति का निर्धारण करने के लिए संगत सूचना प्रदान करने का सुझाव दिया। प्राधिकारी ने सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को एमईटी प्रश्नावली की प्रतियां प्रेषित कीं जिससे वे नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 8(3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की प्रकल्पना का खंडन कर सकें। प्राधिकारी ने चीन की सरकार से भी यह अनुरोध किया कि वह चीन के उत्पादकों/निर्यातकों को संगत सूचना प्रदान करने का सुझाव दें। तथापि, चीन के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने कोई प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विगत कई वर्षों से चीन को भारत द्वारा तथा डब्ल्यूटीओ के अन्य सदस्यों द्वारा गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में माना गया है।

51. उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर और चीन की किसी भी निर्यातक कंपनी द्वारा गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की प्रकल्पना का खंडन न किए जाने की स्थिति में, प्राधिकारी चीन जन.गण. को वर्तमान जांच में गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में मानना उचित समझते हैं और चीन जन.गण. के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 के साथ आगे बढ़ने का प्रस्ताव करते हैं।

52. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 में प्रावधान है कि:

> *"गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था तृतीय देश में कीमत अथवा विनिर्मित मूल्य, अथवा ऐसे तृतीय देश से भारत सहित किसी अन्य देश को कीमत के आधार पर किया जायेगा अथवा जहां संभव न हो वहां किसी अन्य तर्क संगत आधार पर, भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप में संदत्त अथवा प्रदत्त कीमत सहित विधिवत समायोजित कीमत जिसमें तर्क संगत लाभ मार्जिन को शामिल किया जा सके, के आधार पर किया जायेगा। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा तर्क संगत ढंग से, संबंधित देश और प्रश्नाधीन उत्पाद के विकास के स्तर को ध्यान में रखते हुए एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था तृतीय देश का चयन किया जायेगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी भरोसेमंद सूचना पर समुचित ध्यान दिया जायेगा। निश्चित समयसीमा के अंदर, जहां आवश्यक हो, किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था तृतीय देश के बारे में किसी समान मामले में की गई जांच को भी ध्यान रखा जायेगा। जांचकर्ता पक्षकारों को बिना किसी अनुचित विलम्ब के बाजार अर्थव्यवस्था तृतीय देश के उपर्युक्त चयन के बारे में सूचना दी जायेगी और उन्हें अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए तर्क संगत समय प्रदान किया जायेगा।"*

53. इस संबंध में चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 के प्रथम एवं द्वितीय विकल्प में उल्लिखित शर्तों के अनुसार किए जाने की संभावना की जांच की गई है। इस संबंध में यह नोट किया जाता है कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने किसी उपयुक्त तृतीय देश का चयन, उस देश में लागत एवं कीमत के आधार अथवा उक्त देश से अन्य देशों को, जिनमें भारत भी शामिल है, कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए प्रत्यायुक्त के रूप में करने के लिए ऊपर उल्लिखित पैरा 7 के प्रथम दो विकल्पों के अनुरूप चीन में सामान्य मूल्य के रूप में करने के लिए कोई सार्थक सूचना प्रदान नहीं की है।

54. इसलिए, चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण ऊपर उल्लिखित नियमावली में प्रावधान किए गए तृतीय विकल्प के अनुरूप किया गया है और सामान्य मूल्य की संरचना कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के लिए उपयुक्त समायोजन करने के पश्चात भारत में कार्यकुशल घरेलू उत्पादक/संयंत्र की उत्पादन लागत के आधार पर की गई है। प्राधिकारी ने संगत परम्परा के अनुसार तर्कसंगत लाभ के लिए भी प्रावधान किया है। तदनुसार, चीन के निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण निम्नवत किया गया है :

	रुपए/एमटी
उपभोज्यों सहित अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अनुसार कच्चे माल की लागत	****
उपयोगी वस्तुओं की लागत	****
ब्याज सहित एसजीए	****
बनाने और बिक्री करने की लागत	****
5% की दर से लाभ	****
संरचित सामान्य मूल्य	****
सीएनवी यूएस डालर/एमटी	****

छ. 4. इंडोनेशिया के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

55. चूंकि इंडोनेशिया के किसी भी उत्पादक और निर्यातक ने इंडोनेशिया में इस संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है, इसलिए इंडोनेशिया में सामान्य मूल्य का निर्धारण उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर किया गया है जिनमें घरेलू उद्योग की याचिका में निहित सूचना भी शामिल है। तदनुसार, इंडोनेशिया के लिए सामान्य मूल्य की संरचना भारत में कार्यकुशल घरेलू उत्पादक/संयंत्र की उत्पादन लागत के आधार पर, प्रमुख कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का समायोजन करने के पश्चात, सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के रूप में, तर्कसंगत लाभ के लिए उपयुक्त प्रावधान करके की है। तदनुसार, इंडोनेशिया में संबद्ध वस्तु के प्रस्तावित सामान्य मूल्य का निर्धारण निम्नवत किया गया है :

	रुपए/एमटी
अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अनुरूप कच्चे माल की लागत	****
उपयोगी वस्तुओं की लागत	****
ब्याज सहित एसजीए	****
बनाने और बिक्री करने की लागत	****
5% की दर से लाभ	****
संरचित सामान्य मूल्य	****
सीएनवी यूएस डालर/एमटी	****

छ. 5. निर्यात कीमत

56. घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन में पाटन एवं क्षति का आकलन करने के प्रयोजनार्थ, इन्फोड्राइब प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त सौदावार आयात आंकड़ों को प्रदान किया है। प्राधिकारी ने सौदावार आयात आंकड़े डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त किए हैं। चूंकि निर्यातक देशों के किसी भी निर्यातक ने कोई भी ऐसी सूचना प्रदान नहीं की है जिसका उपयोग निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए किया जा सके, इसलिए संबद्ध देशों के सभी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों में की गई रिपोर्ट के अनुसार आयातों की सीआईएफ कीमत के आधार पर किया है। चूंकि डीजीसीआईएंडएस प्रदान कराए गए सौदावार आयात आंकड़ों में विचाराधीन उत्पाद और अन्य अपवर्जित मदों अथवा असंबद्ध वस्तु दोनों के बारे में सूचना निहित है इसलिए इन आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और विचाराधीन उत्पाद की मात्रा एवं उसके मूल्य का निर्धारण अपवर्जित मदों तथा असंबद्ध वस्तु के लिए आंकड़ों की छंटनी करके किया गया। चूंकि डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों में भारी संख्या में सौदा लाइनों में आयातित उत्पाद का संपूर्ण विवरण नहीं दर्शाया गया है इसलिए उन वस्तुओं का विचाराधीन उत्पाद और गैर-विचाराधीन उत्पाद के रूप में पृथक्करण करने के लिए, पाटन एवं क्षति की जांच करने के प्रयोजनार्थ एक तर्कसंगत तरीका अपनाया गया है।

57. यह नोट किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित डीजीसीआईएंडएस आयात आंकड़ों के अनुसार जांच की अवधि के दौरान चीन जन.गण. से 3846 एमटी संबद्ध वस्तु का और इंडोनेशिया से 101 एमटी संबद्ध वस्तु का आयात किया था। संबद्ध देशों में अलग-अलग निर्यातकों द्वारा कोई ठोस सूचना प्रदान न किए जाने के कारण चीन जन.गण. और इंडोनेशिया के लिए निर्यात कीमत का परिकलन फैक्टरी बाह्य स्तर पर निर्यात कीमत पर पहुंचने के लिए समुद्री भाड़ा, सामुद्रिक बीमा, पत्तन व्यय, कमीशन, निर्यात के देश में अंतर्देशीय परिवहन और बैंक प्रभारों के लिए लागू समायोजन के आधार पर सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर किया गया है।

58. तदनुसार, चीन और इंडोनेशिया में संबद्ध वस्तु के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण निम्नवत किया गया है :

विवरण	यूनिट	इंडोनेशिया	चीन जन.गण.
आयात मात्रा	एमटी	101	3,846
आयात मूल्य	रुपए	14,93,750	458,55,018
सीआईएफ कीमत	रुपए/एमटी	14,790	11,923
एफओबी कीमत	रुपए/एमटी	****	****
समायोजन	रुपए/एमटी	****	****
निवल निर्यात कीमत	रुपए/एमटी	****	****
निवल निर्यात कीमत	यूएस डालर/एमटी	****	****

विनिमय दर : 55.15 रुपए = 1 यूएस डालर

छ.6. पाटन मार्जिन

59. फैक्टरी बाह्य स्तर पर ऊपर यथानिर्धारित संरचित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना करके संबद्ध देशों में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन का निर्धारण निम्नवत किया गया है :

देश	सामान्य मूल्य (यूएसडी/एमटी)	निवल निर्यात कीमत (यूएसडी/एमटी)	पाटन मार्जिन (यूएसडी/एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
चीन	****	****	****	****	165-175%
इंडोनेशिया	****	****	****	****	100-110%

60. इस तरह निर्धारित पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक तथा पर्याप्त है।

ज. क्षति एवं कारणात्मक संबंध तथा घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता अथवा पुनरावृत्ति की संभावना का निर्धारण

ज.1. विधिक स्थिति

61. एक निर्णायक समीक्षा जांच में जैसा कि पहले नोट किया गया है, क्षति जांच के संबंध में को निम्नलिखित जांच करना अपेक्षित होता है कि :

- क्या घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति हुई है और यदि हां, तो क्या घरेलू उद्योग को क्षति बने रहने की संभावना है;
- उन मामलों में जहां घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति नहीं हुई है वहां क्या पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

62. घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रस्तुतिकरण किया है कि संबद्ध देशों से इस विचाराधीन उत्पाद का सतत पाटन हुआ है, यद्यपि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के परिणामस्वरूप पाटित आयातों की मात्रा में कुछ गिरावट आई है परंतु यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो पाटन और अधिक तीव्र होने की संभावना है।

63. इसलिए, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना की जांच करने से पहले यह जांच की है कि क्या संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति निरंतर सहन करनी पड़ी है। घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति की यह जांच पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3 तथा पाटनरोधी नियमावली 1995 के अनुबंध-2 के अनुसार की गई है।

ज. 2. घरेलू उद्योग को मौजूदा क्षति तथा कारणात्मक संबंधों की जांच

64. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में प्रावधान है कि किसी क्षति निर्धारण में उन सभी कारकों की जांच अंतर्ग्रस्त होगी जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति का संकेत मिलता हो। ".....पाटित आयातों की मात्रा, घरेलू बाजार में समान वस्तु के लिए कीमतों पर उनके प्रभाव, और इन वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों पर विचार करते हुए" कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते हुए यह जांच करना आवश्यक प्रतीत होता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है या क्या इन आयातों का प्रभाव उन कीमतों का भारी मात्रा में अवमंदन करना या कीमतों में वृद्धि को कम करना है जो अन्यथा भारी मात्रा में हुई होती।

65. यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क का निरंतरता बनाए रखने के लिए यह आवेदन पत्र मैसर्स गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड, मैसर्स एचएनजी फ्लोट ग्लास लिमिटेड और मैसर्स सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है जिनका भारत में इस संबद्ध वस्तु के उत्पादन के एक बड़े भाग पर आधिपत्य है। नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार याचिकाकर्ताओं को इस जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के रूप में माना गया है। इसलिए, इस निर्धारण के प्रयोजनार्थ याचिकाकर्ता, नियम 2(ख) में यथा-परिभाषित घरेलू उद्योग की लागत एवं क्षति सूचना की जांच की गई है।

ज. 2.1 घरेलू उद्योग के क्षति के दावे के संबंध में प्रतिवादी निर्यातकों और आयातकों के विचार

66. किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में कोई भी प्रस्तुतिकरण नहीं किया है। इस जांच के पक्षकारों के प्रस्तुतिकरणों की संक्षिप्तता के लिए जांच को सारांशीकृत रूप में निम्नलिखित पैराग्राफों में प्रस्तुत किया गया है।

67. मैसर्स अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड और एफओएसजी ने क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के संबंध में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) संबद्ध आयातों के कारण कोई क्षति नहीं हुई है क्योंकि अन्य देशों से आयातों की तुलना में इसकी मात्रा बहुत कम है। केवल गैर-संबद्ध देशों से आयातों के कारण ही आवेदक घरेलू उद्योग को समस्या उत्पन्न हो रही है।

(ii) यह कि आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा सहन की गई कोई भी क्षति उनके बीच होने वाली परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है। वास्तव में एक आवेदक घरेलू उत्पादक मैसर्स एचएनजी फ्लोट ग्लास लिमिटेड ने माननीय भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के समक्ष वाद संख्या 51/2011 में मैसर्स सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड (एसजीजीआईएल) के विरुद्ध आरोपों की एक झड़ी लगाते हुए शिकायत की जिनमें प्रभावी स्थिति का दुरुपयोग करने, आक्रमक एवं अनुचित कीमत निर्धारण कार्यनीति, प्रतिस्पर्धा-विरोधी एवं गलत विपणन कार्यनीतियां शामिल हैं।

(iii) यह कि आवेदक घरेलू उत्पादकों ने यह आरोप लगाया है कि मांग में बढ़ोतरी होने के बावजूद बिक्री मात्रा में गिरावट आई है। आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार यह संभव नहीं है। इसलिए, आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों में अयथार्थताएं मौजूद हैं। वर्ष 2012-13 में वास्तविक मांग 1218169 एमटी थी, न कि 1085463 एमटी जैसा कि आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया है। तथ्यपरक आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कुल मांग जो वर्ष 2012-13 में 1218169 एमटी थी, जांच की अवधि में घटकर 1089279 एमटी ही रह गई। जब मांग में कमी आ गई तो बिक्री मात्रा में कमी होना कोई असामान्य घटना नहीं है। अत: यह सिद्ध हो जाता है कि बिक्री मात्रा में होने वाली कोई भी कमी मांग में कमी होने के कारण आई है और उसका संबद्ध आयातों से कोई संबंध नहीं है।

(iv) यह कि आवेदक घरेलू उत्पादकों का यह तर्क कि वह अपनी कीमत का निर्धारण आयात कीमतों के आधार पर कर रहे हैं, पूर्णतया गलत है। आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा दायर की गई याचिका का गहन अध्ययन करके यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान 623283 एमटी की बिक्री की है। उसी अवधि के दौरान 1089279 एमटी की बाजार मांग के साथ, संबद्ध देशों से आयातों का बाजार हिस्सा केवल 0.04 प्रतिशत ही है। संबद्ध देशों के आयातों के मामूली हिस्से से तुलना करने पर यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग का 92 प्रतिशत

बाजार हिस्से पर कब्जा है। इसलिए घरेलू उद्योग का यह दावा केवल शब्दाडम्बर है और प्राधिकारी द्वारा इसे नामंजूर कर दिया जाना चाहिए।

(v) यह कि बजार में एक प्रभुत्वशाली उद्योग ने एक घाटा करने वाली यूनिट अवाप्त कर ली जो क्षति अवधि के दौरान इस संबद्ध वस्तु का विनिर्माण भी कर रही थी, इसलिए इस बात की पूरी संभावना है कि सेजल ग्लास लिमिटेड के घाटे को आवेदक घरेलू उत्पादकों के घाटे के रूप में दर्शाया गया है।

(vi) यह कि फ्लोट ग्लास विनिर्माण उद्योग में पिछले 10 वर्षों में, जैसाकि अभिकथन भी किया गया है, कोई विकास नहीं हुआ है। घरेलू उद्योग का यह दावा कि इस उद्योग का पिछले 10 वर्षों में विकास संबद्ध देशों से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता एवं उदग्रहण के कारण हुआ, बिल्कुल असार है। घरेलू उद्योग में मुख्यत: तीन कंपनियां शामिल हैं जिनमें आवेदक सेंट गोबैन भी शामिल है जो उन उद्योगों के बीच अल्प सक्रिय बाजार पर नियंत्रण करता है। यह कंपनियां फ्लोट ग्लास का विनिर्माण आयात कीमत की उतराई लागत की तुलना में मनमानी लागत पर करती है। पाटनरोधी शुल्क को शामिल करते हुए आयात कीमत की उतराई लागत स्थानीय कीमत से 20-25 प्रतिशत अधिक है।

(vii) यह एक स्वीकृत स्थिति है कि घरेलू उद्योग निकट भविष्य में किसी भी परिस्थिति में प्रतिस्पर्धी लागत पर फ्लोट ग्लास का उत्पादन नहीं कर सकती है। इन परिस्थितियों में पाटनरोधी शुल्क के उदग्रहण की निरंतरता केवल इन तीन कंपनियों को ही भारतीय उपभोक्ताओं जिनमें एफओएसजी भी शामिल है, की कीमत पर सम्पन्न बनाएगी। भारतीय उपभोक्ताओं को क्षति संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों के कारण नहीं हो रही है बल्कि संबद्ध आयातों पर पाटनरोधी शुल्क का उदग्रहण करके इन कंपनियों को मनमानी लागत पर उत्पादन करने को प्रोत्साहन करने के कारण हो रही है और तद्द्वारा भारतीय उपभोक्ताओं की सस्ती लागत पर उत्पाद की खरीद करने से वंचित किया जा रहा है।

(viii) यह कि परम्परागत रूप से भारत फ्लोट ग्लास का स्वयं भारत में उत्पादन करेन के बजाय अन्य देशों से इसका आयात करता आया है। विश्वव्यापी स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने वाली कंपनियां जैसे सेंट गोबैन (फ्रांस), आशी ग्लास कंपनी (जापान) और गार्डियन ग्लास (यूएसए) इसका उत्पादन करने और भारत को अपने विदेश स्थित संयंत्रों से इसका संभरण करने में उच्च लागत के कारण अक्षम थीं, इसलिए उन्होंने भारत में एफडीआई मार्ग से प्रवेश किया और वे भारत में अपनी उच्च उत्पादन लागत बनाए रखने के लिए पाटनरोधी शुल्क के संरक्षण का प्रयोग कर रही हैं और तद्द्वारा वे भारतीय उपभोक्ताओं को उक्त माल की चीन जैसे देशों के अन्य उत्पादकों से सस्ती दरों पर करने से वंचित कर रही हैं।

(ix) यह कि इन 10 वर्षों के दौरान घरेलू उद्योग ने भारतीय उपभोक्ताओं को फ्लोट ग्लास मनमानी दर पर देकर और उसके द्वारा अपने लाभ में वृद्धि करके, इस उत्पाद को प्रतिस्पर्धी सस्ती दरों पर प्रस्तुत करके हालात में सुधार करने के प्रयास के बिना, उन्हें ठगा ही है। अब यह कि, घरेलू उद्योग इस शुल्क की निरंतरता बनाए रखना चाह रहा है ताकि यह भारतीय उपभोक्ताओं और भारतीय अर्थव्यवस्था की कीमत पर अपने लाभ की निरंतरता बनाए रख सके।

(x) यह कि सेंट गोबैन और गार्डियन के उदाहरण पर ब्राजील में पाटनरोधी शुल्क की जांच वर्ष 2013 में तब प्रारंभ हुई जब सेंट गोबैन ने जाकराइ में वर्ष 2010 में अपने एक संयंत्र (सिब्रेस-सेंट गोबैन) की स्थापना की और गार्डियन ने वर्ष 2008 में ताउती में अपने एक संयंत्र की स्थापना की। यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों का व्यवसाय आदर्श यह है कि पहले एफडीआई के बहाने विकासशील देशों में प्रवेश किया जाए और फिर पाटनरोधी शुल्क विधि का आश्रय लेकर अपने लाभ के लिए बाजार की परिस्थितियों का दोहन किया जाए। इनका आदर्श यह नहीं है कि सस्ते माल का उत्पादन किया जाए बल्कि यह है कि मंहगा माल उत्पादित किया जाए और फिर पाटनरोधी प्रावधानों का आश्रय लेकर सस्ते उत्पादों का आगमन बंद कर दिया जाए।

(xi) यह कि स्थानीय फ्लोट ग्लास की उच्च लागत के कारण प्रसंस्करण उद्योग अपनी समाप्ति होने की चुनौती का सामना कर रहा है क्योंकि ग्राहक स्थानीय विनिर्माताओं से प्रसंस्कृत ग्लास खरीदने में कम रुचि प्रदर्शित कर रहे है और भारत में अब सस्ते आयातित प्रसंस्कृत ग्लासों का आगमन हो रहा है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है तो प्रसंस्कृत ग्लास उद्योग इस दृष्य से लुप्त हो जाएगा और लगभग 12500 परिवार बेरोजगारी के कारण सड़क पर आ जाएंगे।

(xii) यह कि पाटनरोधी शुल्क अधिरोपण बेमियादी तौर पर निरंतर बनाए रखने का कोई प्रावधान नहीं है और निश्चय ही क्रमागत रूप से तीसरे पांच वर्षीय ब्लाक के लिए शुल्क की निरंतरता घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत झूठे एवं भ्रामक आंकड़ों के आधार पर बनाए रखने का कोई विधिक औचित्य नहीं है। यह तथ्य स्पष्टत: यह दर्शाते हैं कि संबद्ध देशों से आयात 3 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर से बहुत कम हैं और केवल इस आधार पर ही पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण की निरंतरता बिल्कुल भी अधिपत्रित नहीं रह जाती है।

ज. 2.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

68. घरेलू उद्योग ने क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(i) यह कि कीमत अधोरदन अत्यधिक सकारात्मक है और इसलिए, यदि प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि पाटनरोधी शुल्क को वापस ले लिया जाए जो संबद्ध देशों से भारत में संबद्ध वस्तु के आयातों की मांग में भारी वृद्धि होने की संभावना है।

(ii) यह कि मांग में घरेलू बिक्रियों के बाजार हिस्से, लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ और नकदी प्रवाह के रूप में घरेलू उद्योग के निष्पादन में मौजूदा जांच की अवधि में भारी गिरावट आई है।

(iii) यह कि इस विचाराधीन उत्पाद की मांग में संपूर्ण क्षति अवधि में वृद्धि हुई है। इसलिए, मांग में संकुचन होना वह संभावित कारण नहीं है जिसने घरेलू उद्योग को क्षति में योगदान दिया होगा।

(iv) यह कि पाटन मार्जिन पर्याप्त रूप से सकारात्मक है और इसलिए इस बात की पूरी एवं स्पष्ट संभावना है कि यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो संबद्ध देशों से भारत में आयातित संबद्ध वस्तु की मांग बढ़ जाएगी। इसी तरह, क्षति मार्जिन भी सकारात्मक है जो यह स्पष्ट संकेत देता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क के संरक्षण के बिना संबद्ध वस्तु के आयातों की अनुमति दी जाती है तो घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति होगी।

(v) यह कि इस विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत के प्रतिमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, इसलिए इस बात की कोई संभावना नहीं है कि खपत के प्रतिमान में परिवर्तन ने घरेलू उद्योग को क्षति में अपना योगदान दिया होगा।

(vi) यह कि ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रिया नहीं है जिसने घरेलू उद्योग को क्षति में अपना योगदान दिया हो।

(vii) यह कि इस उत्पाद के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन न तो हुआ है और न ही निकट भविष्य में किसी तरह का कोई परिवर्तन होने की संभावना है। इसलिए, प्रौद्योगिकी में विकास क्षति का एक कारण नहीं है।

(viii) यह कि घरेलू उद्योग की उत्पादकता संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान लगभग समान स्तर पर बनी रही है। इसलिए, उत्पादकता क्षति का एक कारक नहीं है।

(ix) पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का उतराई मूल्य इतना कम है कि यदि शुल्क को वापस ले लिया जाता है तो पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने तथा घरेलू उद्योग को क्षति होने की पूरी संभावना है।

(x) यह कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा की गई जांच के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों ने अनिष्कर ढंग से जांच के केवल आरोपण भाग को ही उद्धृत किया है और आयोग के जांच परिणाम को इरादतन छुपाए रखा। यह रिकार्ड करने योग्य है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने यह धारित किया कि न केवल एसजीजीआईएल अपनी आधिपात्यिक स्थिति का दुरूपयोग कर रहा है बल्कि वह वस्तुत: एक प्रमुख सहभागीदार भी नहीं है। प्राधिकारी के लिए तत्काल संदर्भ के रूप में इस जांच परिणाम का संगत भाग यहां उद्धृत किया जा रहा है।

"पैरा 64
परिणाम के संबंध में, आयोग का यह विचार है कि विरोधकर्ता पक्षकार के विरुद्ध अधिनियम की धारा 4 के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है और वह इस संबंध में महानिदेशक के जांच परिणामों से सहमत है।"

(xi) यह कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच के संदर्भ में निर्यातक का उद्देश्य केवल संभ्रम की स्थिति पैदा करना है और उसके तर्क में कोई विशेषता नहीं है। यह आधारभूत इस तर्क की पूर्वावधारणा के बिना है कि एक सह आवेदक द्वारा की गई शिकायत वास्तव में यह सिद्ध करती है कि उद्योग के अंदर कोई विघटनकारी व्यवहार नहीं है और यह कि उनके बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। प्राधिकारी का ध्यान प्रतिस्पर्धा आयोग के एक पिछले निर्णय की ओर भी आकृष्ट किया जाता है, जहां आयोग ने सुस्पष्ट ढंग से यह कह दिया है कि ग्लास उद्योग आयातित वस्तु के भारी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है।

(xii) यह कि घरेलू उद्योग की वर्ष 2012-13 के लिए घरेलू बिक्रियों में एक टंकण संबंधी त्रुटि है। वर्ष 2012-13 के दौरान घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियां 744226 एमटी न होकर 611519 एमटी थी।

(xiii) यह कि, जहां तक सेजल से संबंधित आंकड़ों का प्रश्न है, यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना कि इसका मालिक कौन है सेजल घरेलू उद्योग का एक अंग था और अब भी है। यदि सेजल भारत के बाहर अवस्थित होता तो उसकी स्थिति इसके विपरीत हो जाती।

ज. 2.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

69. हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में किए गए विभिन्न प्रस्तुतिकरणों पर विचार किया गया है और रिकार्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार उनकी जांच की गई है। सभी तथ्यों एवं आंकड़ों से संबंधित सभी संगत मुद्दों का क्षति विश्लेषण में तथ्यत: समाधान कर दिया गया है।

70. एफओएसजी द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण के संबंध में कि बड़े-बड़े बहुराष्ट्रीय उत्पादक एफडीआई मार्ग का प्रयोग करके भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पाटनरोधी प्रावधानों का शोषण कर रहे है, यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य अन्य देशों से उत्पादकों की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं के विरुद्ध संबद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादकों की रक्षा करके भारतीय बाजार में इस संबद्ध वस्तु के उत्पादन और उसकी खपत के लिए समान अवसरों का सृजन करना है। यह भी नोट किया जाता है कि सामान्य आर्थिक विकास के लिए घरेलू उत्पादन आधार की अवस्थिति एवं स्थायित्व महत्वपूर्ण हैं और यह घरेलू उत्पादकों के हित में भी है जिससे घरेलू उत्पादन आधार के अभाव में विदेशी उत्पादकों के एकाधिकारवाही कीमत व्यवहार के प्रति प्रगोपन नहीं होगा। तथापि, प्राधिकारी ने उपभोक्ता उद्योग की चिंताओं का समाधान करने के लिए क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए इस जांच परिणाम में घरेलू उत्पादकों की लागत एवं कीमत व्यवहार की जांच उद्देश्यपरक ढंग से की है।

71. यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि प्रत्येक प्रकार की मोटाई की श्रृंखला के लिए सभी जांच अलग-अलग की जानी चाहिए क्योंकि मोटाई के अनुसार ही इसकी कीमत और लागत में भिन्नता आती है। तथापि, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस तरह के विश्लेषण के लिए निर्यातक राष्ट्रों में कीमत एवं लागत के संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं की है। इसलिए, इस तरह के विश्लेषण पर भरोसा करना संभव नहीं है।

72. इसके अतिरिक्त, यह भी नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जिन आंकड़ों में त्रुटि का उल्लेख किया गया था उसकी जांच कर ली गई है और इस निर्धारण में यथासत्यापित उपयुक्त आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

73. जहां तक संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि निर्णायक समीक्षा पर मुख्य जोर संभावना की जांच पर होता है। इसलिए इस समीक्षा पर न्यूनतम सीमा लागू नहीं होती है। तदनुसार, इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क वैध नहीं है।

74. पक्षकारों द्वारा इस जांच के संबंध में उठाए गए सभी मुद्दों का उपयुक्त स्थानों पर समाधान कर दिया गया है और इसलिए उनको यहां दोहराया नहीं जा रहा है।

75. पाटन रोधी नियमावली के अनुबंध-II में (क) पाटित आयातों की मात्रा और घरेलू बाजार में समान वस्तु की कीमतों पर पाटित आयातों का प्रभाव; और (ख) और इन वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों का परिणामी प्रभाव दोनों की वास्तविक जांच करने का प्रावधान है। पाटित आयातों के प्रभाव की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को यह परीक्षण करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन अथवा खपत से संगत रूप से पर्याप्त वृद्धि हुई है। पाटित अयातों का कीमत पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी को यह परीक्षण करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत अधोरदन किया गया है, अथवा क्या इन आयातों के प्रभाव से कीमतों का अन्यथा भारी मात्रा में अवमंदन करना या कीमतों में वृद्धि करने से रोकना, जो अन्यथा भारी मात्रा में घटित हुआ होता।

76. संबद्ध वस्तु का कई अन्य देशों से भी पाटित कीमतों पर आयात किया जा रहा है जिसके लिए प्राधिकारी ने अभी हाल में पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किया है। यह सभी आयात स्पष्टत: एक दूसरे के साथ तथा घरेलू वस्तु के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसलिए, पाटित कीमतों पर पाए गए सभी स्रोतों से आयातों के लिए घरेलू उद्योग को क्षति का आकलन संचयी रूप से करना उपयुक्त होगा।

77. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत आर्थिक कारकों एवं संकेतकों की उद्देश्यपरक एवं पक्षपात रहित जांच शामिल होगी जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है, इनमें शामिल है बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिलाभ या क्षमता उपयोग में संभावित एवं वास्तविक गिरावट; घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित करने वाले उपादान, पाटन मार्जिन का परिमाण; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव। इन पर नियमावली के अनुबंध-2 के अनुसार विचार किया गया। घरेलू उद्योग की स्थिति में प्रभावित करने वाले सभी संगत आर्थिक पैरामीटरों की जांच निम्नवत की गई हैं :

(क) पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव

i. आयात मात्रा और पाटित आयातों का हिस्सा

78. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में और अबाध रूप से भारी मात्रा में वृद्धि हुई है। संबद्ध वस्तु के संबद्ध देशों तथा अन्य देशों के आयात की जांच डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रदान कराए गए सौदावार आयात आंकड़ों के आधार पर निम्नवत की गई है :

विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
चीन से आयात	एमटी	1512	1702	4508	3846
प्रवृत्ति		100	113	298	254
इंडोनेशिया से आयात	एमटी			101	101
प्रवृत्ति				100	100
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	1512	1702	4609	3947
प्रवृत्ति		100	113	305	261
पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन अन्य देशों से आयात	एमटी	19846	12525	141676	136114
प्रवृत्ति		100	63	714	686
अन्य देशों से आयात	एमटी	1674	4103	12190	10219
प्रवृत्ति		100	245	728	610
कुल आयात	एमटी	23032	18330	158475	150279
आयातों से संबद्ध देशों का हिस्सा %	%	6.56%	9.28%	2.91%	2.63%
पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन अन्य संबद्ध देशों का आयात में हिस्सा का %	%	86.17%	68.33%	89.40%	90.57%
अन्य देशों से हिस्से का %	%	7.27%	22.38%	7.69%	6.80%
कुल मांग	एमटी	847048	1003146	1155358	1154836
प्रवृत्ति		100	118	136	136
मांग में संबद्ध देशों के हिस्से का %	%	0.18%	0.17%	0.40%	0.34%

79. उपर्युक्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि चीन से पाटित आयात जारी रहे और आधार वर्ष की तुलना में भारी वृद्धि हुई है। तथापि, क्षति जांच अवधि के पहले दो वर्षों में इंडोनेशिया से कोई आयात नहीं हुआ और जांच की अवधि के दौरान 101 एमटी के केवल तीन सौदे हुए।
80. तथापि, यह नोट किया जाता है कि पाकिस्तान, यूएई और सऊदी अरेबिया से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित है और उन देशों से भारी मात्रा में आयात हुए हैं। जिन देशों पर पाटनरोधी शुल्क लगा है उनके आयातों का कुल आयातों में 90 प्रतिशत हिस्सा है। इसके अलावा, उन देशों से आयातों में भी भारी वृद्धि हुई है जिन पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है यद्यपि कुल आयातों में उनके आयातों का हिस्सा 10 प्रतिशत से कम है।

ii. मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

81. भारत में इस उत्पाद की मांग और स्पष्ट खपत का आकलन अखिल भारतीय उत्पादकों की कुल बिक्री तथा सभी स्रोतों से आयात के आधार पर किया गया है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा रिपोर्ट की गई बिक्री मात्रा में त्रुटि और घरेलू उद्योग की बिक्री की यद्यपि मात्रा को सत्यापित के रूप में नोट किया है और अन्य घरेलू उत्पादकों की आकलित बिक्री का प्रयोग भारत में घरेलू मांग का आकलन करने के लिए निम्नवत किया गया है :

वर्ष	**यूनिट**	2010-11	2011-12	2012-13	**जांच की अवधि**
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	531236	629767	615626	627180
प्रवृत्ति		100	119	116	118
अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री	एमटी	292779	355049	381257	377376
प्रवृत्ति		100	121	130	129
कुल घरेलू बिक्रियां	एमटी	824015	984816	996883	1004556
प्रवृत्ति		100	120	121	122
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	1512	1702	4609	3947
प्रवृत्ति		100	113	305	261
पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन अन्य देशों से आयात	एमटी	19846	12525	141676	136114
प्रवृत्ति		100	63	714	686
उन अन्य देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है	एमटी	1674	4103	12190	10219
प्रवृत्ति		100	245	728	610
कुल आयात	एमटी	23032	18330	158475	150280
प्रवृत्ति		100	80	688	652
कुल मांग	एमटी	847048	1003146	1155358	1154836
प्रवृत्ति		100	118	136	136
ग्राही खपत	एमटी	90246	99601	107324	111365
ग्राही खपत सहित मांग	एमटी	937294	1102747	1262682	1266201
प्रवृत्ति		100	118	135	135
मांग में घरेलू बिक्री का बाजार हिस्सा	%	97%	98%	86%	87%
मांग में संबद्ध देशों के हिस्से का %	%	0.18%	0.17%	0.40%	0.34%
मांग में उन देशों के हिस्से का % जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	%	2.34%	1.25%	12.26%	11.79%
उन अन्य देशों के हिस्से का % जिन पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है	%	0.20%	0.41%	1.06%	0.88%

82. उपर्युक्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि संबद्ध वस्तु की मांग में क्षति जांच अवधि के दौरान स्वस्थ वृद्धि हुई है और उसमें आधार वर्ष की तुलना में लगभग 36 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। तथापि, घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि और सभी घरेलू उत्पादकों के लिए बिक्री में वृद्धि मांग में हुई वृद्धि की तुलना में कम रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि मांग में वृद्धि को संबद्ध देशों सहित सभी स्रोतों से पाटित आयातों द्वारा साइड में कर दिया गया, जिसमें स्वयं में क्षति अवधि में 3 प्रतिशत से लेकर 12 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, यद्यपि, इस जांच में संबद्ध देशों का हिस्सा इस समय 0.18 प्रतिशत से 0.34 प्रतिशत वृद्धि होने के बावजूद बहुत कम था। उसी अवधि के दौरान उत्पादकों का बाजार हिस्सा 97 प्रतिशत से घटकर 87 प्रतिशत रह गया।

(ख) पाटित आयातों का कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

83. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पादों की कीमत की तुलना में भारी कीमत अधोरदन किया गया है अथवा इन आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों का भारी मात्रा में निग्रहण करना है अथवा कीमतों में वृद्धि का निवारण करना है जो अन्यथा भारी मात्रा में घटित हुई होती।

84. संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत अधोरदन, कीमत अधोविक्रयण कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन के संदर्भ में की गई। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्रापण (एनएसआर) और गैर-क्षतिकारी कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देशों से आयातों की उतराई कीमत से की गई। जांच की अवधि के दौरान वस्तु की तुलना पाटित आयातों क उतराई मूल्य या घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री कीमत से की गई। घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण का निर्धारण करने के उद्देश्य से घरेलू उद्योग द्वारा उपगत किए गए करों, रिबेटों, डिस्काउंट और कमीशन का समायोजन किया गया।

(i) पाटित आयातों का कीमत अधोरदन प्रभाव

85. विभिन्न परिदृष्यों का विश्लेषण करने के लिए पाटनरोधी शुल्क सहित और पाटनरोधी शुल्क के बिना पाटित आयातों के कीमत अधोरदन प्रभाव की जांच की गई। इस तरह निर्धारित कीमत अधोरदन निम्नलिखित है :

चीन	**यूनिट**	2010-11	2011-12	2012-13	**जांच की अवधि**
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत	रुपए/एमटी	****	****	****	****
पाटनरोधी शुल्क रहित उतराई कीमत	रुपए/एमटी	15369	21287	13165	13282
कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	****	****	****	****
कीमत अधोरदन	%	****	(****)	****	****
कीमत अधोरदन रेंज		0-10	(10)-(20)	50-60	50-60
पाटनरोधी शुल्क सहित उतराई कीमत	रुपए/एमटी	21511	27690	20435	20617
कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	(****)	(****)	****	(****)
कीमत अधोरदन	%	(****)	(****)	****	(****)
कीमत अधोरदन रेंज		(20)-(30)	(30)-(40)	0-5	0-(5)
इंडोनेशिया					
पाटनरोधी शुल्क रहित उतराई कीमत	रुपए/एमटी	-	-	16458	16476
कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	-	-	****	****
कीमत अधोरदन	%	-	-	****	****
कीमत अधोरदन रेंज		-	-	20-30%	20-30%
पाटनरोधी शुल्क सहित उतराई कीमत	रुपए/एमटी	-	-	24787	24879
कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी			(****)	(****)
कीमत अधोरदन	%			(****)	(****)
कीमत अधोरदन रेंज				(10)-(20)	(15)-(25)

86. उपर्युक्त आंकड़े यह संकेत करते हैं कि संबद्ध देशों से आयात, जब उसकी तुलना पाटनरोधी शुल्क तत्व के बिना उतराई मूल्य से की जाती है तो भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का भारी कीमत अधोरदन कर रहे हैं। इस अधोरदन मार्जिन में आधार वर्ष से ही वृद्धि हो रही है और जांच की अवधि के दौरान चीन जन.गण. और इंडोनेशिया के लिए पाटनरोधी शुल्क के बिना अधोरदन क्रमश: ***

प्रतिशत और *** प्रतिशत था। यह नोट किया जाता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क पर विचार किया जाता है तो कीमत अधोरदन ऋणात्मक है। इससे यह संकेत मिलता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क न हो तो आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों का अधोरदन होने की संभावना है।

(ii) पाटित आयातों का कीमत अधोविक्रयण प्रभाव

87. कीमत अधोविक्रयण क्षति के आकलन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत का निर्धारण किया गया है और कीमत अधोविक्रयण की सीमा पर पहुंचने के लिए उसकी तुलना संबद्ध देशों से आयातों के उतराई मूल्य से की गई है। घरेलू उद्योग के लिए गैर-क्षतिकारी कीमत का मूल्यांकन जांच की अवधि के दौरान इस विचाराधीन उत्पाद के लिए उत्पादन लागत पर समुचित रूप से विचार करते हुए अनुबंध-3 में निर्धारित सिद्धांतों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार किया गया है।

विवरण	**यूनिट**	**चीन**	**इंडोनेशिया**
गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/एमटी	****	****
पाटनरोधी शुल्क के बिना आयातों की उतराई कीमत	रुपए/एमटी	13282	16476
पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत अधोविक्रयण	रुपए/एमटी	****	****
पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत अधोविक्रयण	%	****	****
पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत अधोविक्रयण	रेंज	85-95	50-60
पाटनरोधी शुल्क सहित आयातों की उतराई कीमत	रुपए/एमटी	20617	24879
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण	रुपए/एमटी	****	****
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण	%	****	****
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण	रेंज	20-30	0-10

88. चीन जन.गण. और इंडोनिशिया के लिए पाटनरोधी शुल्क के बिना एवं पाटनरोधी शुल्क सहित पाटित आयातों का कीमत अधोविक्रयण प्रभाव भारी सकारात्मक है।

(iii) कीमत निग्रहण एवं अवमंदन प्रभाव

89. घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों के कीमत निग्रहण एवं कीमत अवमंदन प्रभाव की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्रापण प्रवृत्ति की तुलना बिक्री लागत से की गई है।

विवरण	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
घरेलू बिक्रियों की लागत रुपए/एमटी	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	116	125	125
निवल बिक्री कीमत रुपए/एमटी	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	108	125	122
संबद्ध देशों से (पाटनरोधी शुल्क के बिना) पाटित आयातों का उतराई मूल्य	15,369	21,287	13,237	13,364
प्रवृत्ति	100	139	86	87
संबद्ध देशों से (पाटनरोधी शुल्क सहित) उतराई मूल्य	21,510	27,690	18,436	18,610
प्रवृत्ति	100	129	86	87
उन अन्य देशों से आयातों का उतराई मूल्य जिन पर (पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है)	14,819	16,223	9,696	9,874

प्रवृत्ति	100	109	65	67
उन अन्य देशों से आयातों का उतराई मूल्य जिन पर (पाटनरोधी शुल्क लगा है)	19,794	21,410	15,586	15,817
प्रवृत्ति	100	108	79	80

90. उपर्युक्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि यद्यपि क्षति जांच की अवधि के दौरान उत्पादन लागत तथा बिक्री कीमत दोनों में ही वृद्धि हुई है फिर भी संबद्ध देशों उतराई मूल्य में भारी कमी आई है और इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत उसकी बिक्री लागत से कम रही है। यह भी नोट किया जाता है कि उन अन्य देशों से आयातों का उतराई मूल्य जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत से काफी कम है। ऐसा प्रतीत होता है कि सभी स्रोतों से पाटित आयातों का घरेलू उद्योग पर भारी कीमत निग्रहण प्रभाव हुआ है और उनसे कीमत की पूरी पुनर्प्राप्ति नहीं हो रही है।

(ग) घरेलू उद्योग के अन्य आर्थिक पैरामीटरों की जांच

91. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2 में यह अपेक्षा की जाती है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की उद्देश्यपरक जांच अंतर्ग्रस्त होगी। नियम में आगे यह प्रावधान किया गया है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी आर्थिक पैरामीटरों और संकेतकांकों का उद्देश्यपरक एवं पक्षपातरहित मूल्यांकन शामिल होगा जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जिसमें शामिल हैं बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिलाभ अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न आर्थिक पैरामीटरों पर निम्नवत चर्चा की गई है।

(क) क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्रियों पर वास्तविक एवं संभावित प्रभाव

92. घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना अधोलिखित तालिका में दी गई है :

वर्ष	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
क्षमता (एमटी)	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	119	123	123
केवल विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन (एमटी)	740069	877086	912197	927683
प्रवृत्ति	100	119	123	125
क्षमता उपयोग (एमटी)	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	99	100	102
घरेलू बिक्री (एमटी)	531236	629767	615626	627180
प्रवृत्ति	100	119	116	118

93. आंकड़े यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान अपनी क्षमता में वृद्धि की और उत्पादन में मामूली सी वृद्धि हुई तथा क्षमता उपयोग में सुधार हुआ। घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में वृद्धि हुई है।

(ख) लाभप्रदता, निवेश पर प्रतिलाभ तथा नकदी प्रवाह पर वास्तविक एवं संभावित प्रभाव

94. निवेश पर प्रतिलाभ, ब्याज पूर्व एवं ब्याज पश्चात लाभ/हानि और नकद लाभ को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है :

वर्ष	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
घरेलू बिक्री कीमत रुपए/एमटी	****	****	****	****

प्रवृत्ति	100	108	125	122
लागत रुपए/एमटी	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	116	125	125
लाभ रुपए/एमटी	(****)	(****)	(****)	(****)
प्रवृत्ति	100	-227	-127	-156
ब्याज पूर्व लाभ (लाख रुपए में)	****	(****)	(****)	(****)
प्रवृत्ति	100	-1813	-686	-1182
नकद लाभ रुपए/एमटी	****	(****)	(****)	(****)
प्रवृत्ति	100	-96	109	51
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (%)	****%	(****)%	(****)%	(****)%
प्रवृत्ति	100	-1381	-532	-893

95. उपर्युक्त आंकड़े यह दर्शाते है कि घरेलू उद्योग के उत्पादन एवं बिक्री में सुधार होने के बावजूद उसे क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू बिक्रियों में घाटा बना रहा। नकद लाभ में गिरावट आई है और क्षति जांच अवधि के अधिकांश समय में नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ ऋणात्मक रहा है।

(ग) बाजार हिस्से पर वास्तविक एवं संभावित प्रभाव

96. पूर्व में नोट किए गए के अनुसार घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से जो आधार वर्ष में 97 प्रतिशत था, गिरावट होकर जांच की अवधि में 87 प्रतिशत रह गया। तथापि, घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में यह घाटा उन अन्य देशों से पाटित आयातों द्वारा काफी हद तक किनारे लगा दिया गया जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा था। बाजार हिस्से में संबद्ध देशों की हिस्सेदारी और संबद्ध देशों द्वारा बाजार हिस्से में वृद्धि मामूली सी ही रही है।

वर्ष	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
मांग में घरेलू बिक्रियों का बाजार हिस्सा	97%	98%	86%	87%
मांग में संबद्ध देशों के हिस्से का %	0.18%	0.17%	0.40%	0.34%
उन अन्य देशों के हिस्से का % जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	2.34%	1.25%	12.26%	11.79%
अन्य अपाटित आयातों के हिस्से का %	0.20%	0.41%	1.06%	0.89%

(घ) रोजगार, उत्पादकता और पारिश्रमिक पर संभावित एवं वास्तविक प्रभाव

97. अधोलिखित तालिका से यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि में रोजगार में क्षमता एवं उत्पादन में वृद्धि के अनुरूप ही वृद्धि हुई है। तथापि, आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में, प्रति कर्मचारी पारिश्रमिक में कमी आई है। संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता लगभग समान स्तर पर ही बनी रही। इसलिए, इन पैरामीटरों पर स्पष्टत: कोई भारी प्रभाव नहीं पड़ा है।

वर्ष	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
कर्मचारी	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	123	126	127
पारिश्रमिक/कर्मचारी (रुपए)	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	93	98	98
उत्पादन (एमटी)	740069	877086	912197	927683

कर्मचारी	****	****	****	****
उत्पादन/कर्मचारी	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	97	98	99

(ड.) मालसूची पर वास्तविक एवं संभावित प्रभाव

98. निम्नलिखित तालिका में दिए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग के मालसूची स्तर में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में मामूली सी गिरावट आई है जो निर्यात बिक्री मात्रा में भारी सुधार होने के कारण हुई है।

वर्ष	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**जांच की अवधि**
इति स्टॉक (एमटी)	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	97	116	95

(च) घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

99. उपर्युक्त आंकड़े यह संकेत करते हैं कि मांग में पर्याप्त वृद्धि हुई है। संबद्ध देशों से पाटित आयात, यद्यपि उनकी मात्रा कम है अब भी भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत और बिक्री कीमत से काफी कम कीमत पर प्रवेश कर रहे हैं जिससे भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग को भारी कीमत अधोरदन और कीमत अधोविक्रयण कारित कर रहे है। उन अन्य देशों से आयात की मात्रा, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है, भी बहुत अधिक है और वे बहुत ही कम कीमतों पर हो रहे हैं। इसलिए संबद्ध देशों को मिलाकर, उन अन्य विभिन्न स्रोतों से, जिन पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है, पाटित आयातों द्वारा घरेलू कीमतों को प्रभावित किया जा रहा है। घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत में भी भारी परिवर्तन हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू उद्योग, घरेलू बाजार में विभिन्न स्रोतों से, जिनमें संबद्ध देश भी शामिल हैं, पाटित आयातों के आगमन से बिक्री मात्रा में भारी कमी का निवारण करने के उद्देश्य से अपनी कीमत लाइन को बनाए रखने का प्रयास किया है, जिसके कारण उसे घाटा हुआ।

(छ) वृद्धि पर वास्तविक एवं संभावित प्रभाव

100. यह नोट किया जाता है कि इस उत्पाद की मांग में भारी वृद्धि हुई है और घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता में संवर्धन किया तथा उत्पादन और बिक्री में वृद्धि की है। तथापि, यह भौतिक निष्पादन भी वित्तीय पैरामीटरों में वृद्धि नहीं कर सके और संबद्ध देशों सहित कई स्रोतों से कम कीमतों पर पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण घाटे में बढ़ोत्तरी हुई है।

(ज) पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता

101. यह नोट किया जाता है कि विभिन्न देशों से पाटित आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क के संरक्षण और विभिन्न मैक्रो-आर्थिक परिस्थितियों के कारण मांग में काफी वृद्धि होने से संबद्ध वस्तु की खपत में वृद्धि हुई जिसके कारण घरेलू उद्योग ने क्षति जांच अवधि के दौरान भारी पूंजी निवेश करके अपनी क्षमताओं में पर्याप्त वृद्धि की है। घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि यदि संबद्ध देशों से पाटित एवं क्षतिकारी आयातों को पाटनरोधी शुल्क के बिना भारत में आगमन की अनुमति दी जाती है तो घरेलू उद्योग के यह सभी प्रयास निष्फल हो जाएंगे।

(झ) पाटन एवं पाटन मार्जिन का स्तर

102. संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों के पाटन का मार्जिन, जैसाकि पिछले खंडों में निर्धारण किया गया है, सकारात्मक एवं पर्याप्त है, यद्यपि इंडोनेशिया से आयातों की मात्रा बहुत कम है।

ज. 4. मौजूदा क्षति एवं कारणात्मक संबंधों का समग्र आकलन

103. विभिन्न कारकों का उपर्युक्त विश्लेषण यह दर्शाता है कि क्षमता, उत्पादन और संबद्ध वस्तु की घरेलू बिक्रियों के संबंध में घरेलू उद्योग के भौतिक निष्पादन में क्षति जांच अवधि में मांग में पर्याप्त वृद्धि होने के कारण सुधार हुआ है। तथापि, घरेलू बिक्रियों के वित्तीय निष्पादन में, उन विभिन्न स्रोतों से जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है और जिनमें संबद्ध देश भी शामिल हैं, पाटित आयातों के कीमत दबाव के कारण गिरावट आई है। अत:, घरेलू उद्योग को नियोजित पूंजी पर ऋणात्मक प्रतिलाभ और वित्तीय घाटा के रूप में वास्तविक क्षति निरंतर बनी रही है।

104. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग को यह क्षति अन्य कारकों जैसे घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है और इसका संबद्ध देशों से आयातों से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि इन देशों से आयातों की मात्रा बहुत कम है। इसलिए, प्राधिकारी ने अन्य अधिदेशित कारकों की जांच करने के साथ-साथ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच भी यह देखने के लिए की है कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति के लिए अन्य कारक उत्तरदायी हैं।

(i) अन्य स्रोतों से आयातों की मात्रा और कीमत

105. जैसा कि पहले नोट किया गया है कि उन अन्य स्रोतों से आयातों की मात्रा, जिनके विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किया गया है, में पर्याप्त वृद्धि हुई है। अधोलिखित आंकड़े आयातों की मात्रा और उनकी कीमत प्रवृत्ति दर्शाते हैं।

वर्ष	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	1512	1702	4609	3947
प्रवृत्ति		100	113	305	261
उन अन्य देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	एमटी	19846	12525	141676	136114
प्रवृत्ति		100	63	714	686
उन अन्य देशों का उतराई मूल्य जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	रुपए/एमटी	14819	16223	9696	9874
प्रवृत्ति		100	109	65	67
उन अन्य देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है	एमटी	1674	4102	12190	10219
प्रवृत्ति		100	245	728	610
उन अन्य देशों का उतराई मूल्य जिन पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है	रुपए/एमटी	22727	28428	19135	19675
प्रवृत्ति		100	125	84	87
कुल आयात	एमटी	23032	18330	158475	150279
प्रवृत्ति		100	80	688	652

106. उपर्युक्त आंकड़े स्पष्टत: यह सिद्ध करते हैं कि उन अन्य देशों से, जिन पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किया गया है, आयातों में भारी वृद्धि हुई है और इन देशों से आयातों की कीमतें संबद्ध देशों से आयातों की कीमतों से कम है। जिन देशों पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगा है, उन देशों से भी आयातों में वृद्धि हुई है परंतु उनकी कीमतें पर्याप्तत: उच्च है। इसलिए, ऐसा प्रतीत होता है कि सभी पाटित स्रोतों से आयातों ने घरेलू उद्योग को प्रभावित किया है।

(ii) मांग में संकुचन और/अथवा खपत के प्रतिमान में परिवर्तन

107. यह नोट किया जाता है कि इस संबद्ध वस्तु की देश में मांग में आधार वर्ष से लेकर वर्ष 2012-13 तक निरंतर वृद्धि हुई है जिससे यह संकेत मिलता है कि देश में मांग की स्थिति अच्छी है। यह नोट किया जाता है कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने संबद्ध वस्तु की खपत के

प्रतिमान में परिवर्तन के बारे में कोई प्रस्तुतिकरण नहीं किया है जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। वास्तव में, सामान्य आर्थिक निष्पादन में वृद्धि के साथ-साथ संबद्ध वस्तु की मांग में वृद्धि होने की प्रत्याशा है जो मांग की स्थिति अच्छी होने से स्पष्ट होती है। इसलिए, मांग में संकुचन अथवा खपत के प्रतिमान में परिवर्तन वह कारक नहीं है जिनका घरलू उद्योग के निष्पादन पर प्रभाव पड़ा हो।

(iii) व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं तथा विदेशी एवं घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा

108. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग द्वारा वहन की गई क्षति, यदि कोई है तो, उनके बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है और उन्होंने घरेलू उत्पादकों में से एक उत्पादक अर्थात मैसर्स एचएनजी फ्लोट ग्लास लिमिटेड द्वारा मैसर्स सेंट गोबैन ग्लास इंडिया लिमिटेड (एसजीजीआईएल) के विरुद्ध भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के समक्ष दायर किए गए एक आवेदन में अपनी अभिभावी स्थिति का दुरुपयोग करने, आक्रामक एवं अनुचित कीमत निर्धारण कार्यनीति, प्रतिस्पर्धा-विरोधी एवं निंदात्मक विपणन कार्यनीति अपनाने का आरोप लगाया है, को उद्धृत किया है। इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि प्रतिस्पर्धा आयोग ने सेंट गोबैन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला नहीं पाया है। इसलिए, प्रमुख उत्पादकों द्वारा भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा विरोधी अथवा व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाओं को आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाओं के संबंध में कोई अन्य मुद्दा भी प्राधिकारी की जानकारी में नहीं लाया गया है। कोई आयात प्रतिबंध नहीं है और भारतीय एवं विदेशी विनिर्माता दोनों ही भारतीय बाजार में मुक्त रूप से प्रचालन कर रहे हैं। इसलिए, यह कारक घरेलू उद्योग के निष्पादन को प्रभावित नहीं कर सकता है।

(iv) प्रविधि में विकास

109. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तु का उत्पादन करने के लिए अद्यतन फ्लोट ग्लास प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर रहे हैं और जांच से यह प्रदर्शित नहीं हुआ है कि प्रौद्योगिकी में कोई ऐसा भारी परिवर्तन हुआ है जिसके कारण घरेलू उद्योग का निष्पादन प्रभावित हुआ हो।

(v) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

110. क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन निम्नलिखित रहा है :

विवरण	यूनिट	2010-11	2011-12	2012-13	जांच की अवधि जुलाई, 2012 से जून, 2013
निर्यात बिक्री	एमटी	****	****	****	****
प्रवृत्ति		100	116	267	272
निर्यात कीमत	रुपए/एमटी	****	****	****	****
प्रवृत्ति		100	106	122	120

111. आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि घरेलू उद्योग की निर्यात मात्रा में क्षति जांच अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है और इन वर्षों के दौरान कीमत वसूली में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता है कि निर्यात निष्पादन ने घरेलू उद्योग पर विपरीत प्रभाव डाला होगा। तथापि, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन प्रासंगिक नहीं है क्योंकि प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के लिए घरेलू उद्योग के केवल घरेलू निष्पादन पर ही विचार किया है।

ज. 5 वर्तमान क्षति एवं कारणात्मक संबंधों पर निष्कर्ष

112. उपर्युक्त जांच यह संकेत करती है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयात भारतीय बाजार में पाटित कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं, हालांकि उनकी मात्रा कम है। यह भी नोट किया जाता है कि उन देशों से भारी मात्रा में आयात हुआ है जिनके विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है। इन सभी स्रोतों से, पाटनरोधी शुल्क के बिना, वस्तु का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की कीमतों का भारी अधोरदन कर रहा है। अधोविक्रयण मार्जिन भी बहुत अधिक है। इन सभी स्रोतों से यह आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन प्रभाव कारित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में सुधार होने के बावजूद घरेलू उद्योग की वित्तीय स्थिति में कई पाटित स्रोतों से, जिनमें संबद्ध देश भी शामिल हैं, भारी आयातों के कीमत प्रभाव के कारण गिरावट आई है, हालांकि संबद्ध देशों से

यह आयात कम मात्रा में हुए है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग को उन कई देशों से, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है, और जिनमें संबद्ध देश भी शामिल है, आयातों के कारण वित्तीय घाटा एवं क्षति हुई है।

ज.6 क्षति मार्जिन एवं क्षति की मात्रा

113. प्राधिकारी द्वारा लगाए गए न्यूनतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में क्षति मार्जिन का भी निर्धारण किया गया है। क्षति मार्जिन का निर्धारण करने के लिए प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के लिए गैर-क्षतिकारी कीमत (एनआईपी) का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-3 में निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार किया है। तदनुसार, घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत और विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति मार्जिन का निर्धारण निम्नवत किया गया है :

विवरण	मापन की इकाई	चीन	इंडोनेशिया
गैर-क्षतिकारी कीमत	यूएस डालर/एमटी	****	****
उतराई कीमत	यूएस डालर/एमटी	241	299
क्षति मार्जिन	यूएस डालर/एमटी	****	****
क्षति मार्जिन	%	****	****
क्षति मार्जिन रेंज		85-95%	50-60%

झ. पाटन एवं क्षति की निरंतरता अथवा पुनरावृत्ति की संभावना

114. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तु का संबद्ध देशों से भारतीय बाजार में पाटित कीमतों पर आना जारी रहा। यद्यपि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने के पश्चात आयातों की मात्रा में भारी गिरावट आई; और घरेलू उद्योग को, उन कई देशों से, जिन पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है, जिसमें संबद्ध देश भी शामिल है, बहुत कम कीमत पर आयातों के कारण क्षति होना जारी रहा। नियमावली में प्राधिकारी से यह जांच करने की अपेक्षा की जाती है कि यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो क्या पाटन जारी रहने की संभावना है और क्या घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

झ.1. घरेलू उद्योग के विचार

115. घरेलू उद्योग ने अपने प्रस्तुतिकरण में यह तर्क दिया है कि चीन और इंडोनेशिया से इस विचाराधीन उत्पाद का सतत पाटन हुआ है। यद्यपि पाटित आयातों की मात्रा में गिरावट आई है परंतु पाटन मार्जिन बहुत अधिक है। यह प्रस्तुतिकरण किया गया है कि यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो इस विचाराधीन उत्पाद के पाटन में और भी अधिक तीव्रता आने की संभावना है। अन्य बातों के साथ-साथ यह तर्क दिया गया है कि :

(i) यह कि घरेलू उद्योग को पहले ही क्षति सहन करनी पड़ रही है और पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण करने से घरेलू उद्योग को क्षति और अधिक तीव्र हो जाएगी। पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से बाजार में इस विचाराधीन उत्पाद की कीमतों पर भारी कीमत निग्रहण एवं अवमंदन प्रभाव होगा।

(ii) यह कि संबद्ध देशों के उत्पादकों के पास भारी क्षमता है। इस संबंध में घरेलू उद्योग ने चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तु की भारी क्षमताओं के दावे के प्रमाणस्वरूप एनएसजी ग्रुप की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इन रिपोर्टों के मुताबिक चीन में कुल क्षमता 28.8 मिलियन टन की है जो मांग से तुलना किए बिना भारत की कुल क्षमता का लगभग 20 गुना है। इसके अतिरिक्त, यह प्रस्तुतिकरण किया गया कि वर्तमान मामले में, न तो संबद्ध देशों के निर्यातकों ने और न ही उनकी सरकारों ने अपनी मौजूदा क्षमताओं एवं उत्पादन के संबंध में कोई जानकरी दी है। यदि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में निश्चय ही वृद्धि होगी, जो शुल्क के अधिरोपण के बावजूद संबद्ध देशों से सतत पाटित आयात होने के तथ्य से स्पष्ट हो जाता है।

(iii) यह कि इस समय इंडोनेशिया में 8 फ्लोट लाइन्स युक्त 3 यूनिटें हैं जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 1.46 मिलियन एमटी है जो इंडोनेशिया में मांग की तुलना में बहुत अधिक है। इंडोनेशिया के बड़े उत्पादकों में से एक उत्पादक अर्थात मैसर्स मुलिया ग्लास ने अपनी वेबसाइट में यह उल्लेख किया है कि उनकी निर्याता मात्रा उनके उत्पादन की 65 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

(iv) यह कि शुल्क का अधिरोपण करने के पश्चात आयातों में गिरावट और इन आयातों में सकारात्मक पाटन मार्जिन से शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन की संभावना का संकेत मिलता है और यह स्वत: ही पाटनरोधी शुल्क को विस्तार किए जाने को न्यायोचित ठहराता है।

(v) यह कि क्षति अवधि के दौरान क्लीयर फ्लोट ग्लास का आयात पाकिस्तान, यूएई और सऊदी अरेबिया से भी पाटित कीमतों पर किया गया है। सीमाशुल्क ने इन देशों से क्लीयर फ्लोट ग्लास के आयातों पर दिनांक 11 दिसम्बर, 2014 की अधिसूचना संख्या 48/2014-सीमाशुल्क (एडीडी) के तहत पाटनरोधी शुल्क का उदग्रहण किया है। इन परिस्थितिकी के अंतर्गत पाटनरोधी शुल्क को वापस लेने से निश्चय ही संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु के विनिर्माताओं और निर्यातकों को घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु का पाटित कीमतों पर पाटन करने का सम्बल मिलेगा।

(vi) यह कि संबद्ध देशों के विरुद्ध ब्राजील, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया में पाटनरोधी जांच चल रही है। ऐसी स्थिति में, प्रभावी पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर देने से संबद्ध देशों के विनिर्माताओं/निर्यातकों को संबद्ध वस्तु का पाटन करने के लिए बाजार तक मुक्त पहुंच उपलब्ध हो जाएगी और तदनुसार, पाटन और क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की सुदृढ़ संभावना है।

(vii) यह कि संबद्ध देशों से भारत के अलावा अन्य देशों को कीमतों के आधार पर परिकलन करने पर भी भारी एवं सकारात्मक क्षति एवं पाटन मार्जिन की संभावना है।

116. घरेलू उद्योग ने चीन से ब्राजील और बंगलादेश के लिए किए गए निर्यातों के कुछ नमूना बीजकों की प्रतियां उस कीमत स्तर का प्रदर्शन करने के लिए प्रदान कराई हैं जिन पर, शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिए जाने की स्थिति में भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया जाएगा और यह कीमतें पर्याप्तत: पाटित कीमतें हैं। घरेलू उद्योग ने इसी तरह की प्रवृत्ति का प्रदर्शन करने के लिए इंडोनेशिया से श्रीलंका को हो रहे आयातों के नमूना बीजक दर्शाए हैं।

117. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि यदि एक बार पाटनरोधी शुल्क को हटा लिया जाता है तो पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की पूरी संभावना है क्योंकि पाटनरोधी शुल्क को वापस ले लिए जाने से संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु के विनिर्माताओं/निर्यातकों को भारत में संबद्ध वस्तु का पाटन करने की मुक्त पहुंच प्रदान करेगा।

118. प्रकटन पश्चात विवरण प्रस्तुतिकरण में घरेलू उद्योग ने पुन: यह तर्क दिया है कि :

- इंडोनेशिया के निर्यातकों की क्षमताओं तथा निर्यातोन्मुखता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा दिनांक 10 जून, 2015 के पत्र के तहत दायर विस्तृत सूचना के अनुसार इंडोनेशिया में भारी क्षमताएं मौजूद हैं। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना और बाजार आसूचना के अनुसार इंडोनेशिया में 3 यूनिटें हैं जिनमें लगभग 8 फ्लोट लाइन्स हैं जिनकी कुल क्षमता लगभग 1.46 मिलियन है जो इंडोनेशिया में मांग की तुलना में बहुत अधिक है। इसके अतिरिक्त, पीटी असाहिमास अपनी क्षमता संवर्धन करके लगभग 60000 टन कर रहा है, यह वर्ष 2016 की तीसरी तिमाही से प्रचालनात्मक होगा।

- उपर्युक्त के अलावा, इंडोनेशिया में प्रमुख उत्पादकों में से एक अर्थात मैसर्स मुलिया ग्लास ने अपनी वेबसाइट पर यह उल्लेख किया है कि उनकी निर्यात मात्रा अपने उत्पादन का 65 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य उत्पादक, नामत: मैसर्स असाहिमास ने अपनी वर्ष 2014 की वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है कि यद्यपि उसकी घरेलू बिक्री में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई परंतु उसी अवधि के दैरान 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह स्पष्टत: दर्शाता है कि इंडोनेशिया के निर्यातकों की आक्रामक निर्यात उन्मुखता है।

- यह कि घरेलू उद्योग ने इंडोनेशिया के निर्यातकों की क्षमताओं और निर्यात उन्मुखता के संबंध में सर्वोत्तम उपलब्ध यह दशाने के लिए सूचना प्रदान कराई है कि यदि शुल्क को वापस ले लिया जाता है तो पाटन एवं क्षति की संभावना बनी रहेगी।

- यह कि घरेलू उद्योग से नियम 23(1क) के अंतर्गत समीक्षा के लिए जरूरत को साक्ष्यांकित करते हुए केवल सकारात्मक सूचना प्रदान कराने की उम्मीद की जाती है जिसे घरेलू उद्योग द्वारा उपयुक्त ढंग से किया गया, जिससे इस मामले में निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत हुई।
- यह कि इस संदर्भ में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय [2008 224 ईएलटी 375 (डीईएल)] के निर्णय का उल्लेख करना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है जिसमें यह स्पष्टत: धारित किया गया है कि घरेलू उद्योग अपेक्षित सूचना केवल एक भाग ही प्रस्तुत कर सकता है, अन्य भाग अन्य विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों की ओर से आता है।

- यह कि समीक्षा जांच की शुरूआत के पश्चात संबद्ध देशों निर्यातकों/उत्पादकों के साथ-साथ संबंधित सरकारों के लिए यह आवश्यक है कि वह प्राधिकारी द्वारा मांगी गई सूचना प्रदान करें, परंतु उसे प्रदान करने में वह स्पष्टत: असफल रहे हैं। इसलिए, यह उल्लेख करना तथ्यात्मक रूप से असत्य होगा कि घरेलू उद्योग इंडोनेशिया में उत्पादन क्षमताओं और अन्य विवरण से संबंधित जानकारी प्रदान कराने में असफल रहा है।

- यह कि विधिक प्रावधानों के अनुसार उक्त सूचना प्रदान करने का उत्तरदायित्व उत्पादकों/निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों एवं संबंधित सरकार का है।

- यह कि सार्वजनिक सुनवाई के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी ने इंडोनेशिया के राजदूतावास के अधिकारियों से स्पष्ट रूप से यह कहा था कि वे संबंधित उत्पाद के बारे में क्षमता, उत्पादन और निर्यात से संबंधित सूचना प्रदान कराए अन्यथा उनके संबंध में विपरीत निष्कर्ष निकाला जा सकता है। इसके बावजूद, न तो इंडोनेशियाई राजदूतावास के अधिकारियों ने और न ही इंडोनेशिया में संबद्ध उतपाद के उत्पादकों/निर्यातकों ने संबंधित उत्पाद की उत्पादन क्षमता, उत्पादन और निर्यातों के संबंध में कोई सूचना अथवा इंडोनेशिया से पाटन एवं क्षति की संभावना के अभाव के संबंध में कोई सूचना प्रदान की है। यह न्याय के प्रति त्रासदी होगी कि माननीय प्राधिकारी द्वारा विशिष्ट अनुदेश दिए जाने के बावजूद किसी तरह के असहयोग अथवा आज्ञा की अवहेलना का पुस्कृत किया जाए।

- यह कि किसी निर्णायक समीक्षा के मामले में आयातों की वास्तविक मात्रा का उतना महत्व नहीं है। इसके अतिरिक्त, यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि शुल्क प्रभावी होने के बावजूद इंडोनेशिया के संबंधित उत्पाद की कीमत बहुत कम है और इस तथ्य का भी प्रकटन विवरण में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। उपर्युक्त के मद्देनजर, माननीय प्राधिकारी को इससे कोई नकारात्मक निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए।

ञ.2. उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

119. पाटन एवं क्षति की निरंतरता/पुनरावृत्ति के संबंध में किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने कोई प्रस्तुतिकरण नहीं किया है।

120. मैसर्स अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड और एफओएसजी ने आवेदक घरेलू उत्पादकों के इस दावे का विरोध किया है कि संबद्ध देशों में भारी क्षमताएं हैं जिससे इन देशों से पाटन की पुनरावृत्ति होने और संबद्ध देशों से आयातों के कारण क्षति होने की संभावना है। यह तर्क दिया गया है कि भारी क्षमता की मौजूदगी होने का आशय यह नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क का विस्तार करने के लिए यह एक आधार है जैसा कि अपीलीय निकाय द्वारा धारित किया गया है। याचिकाकर्ताओं को भारी क्षमताओं की मौजूदगी के लिए कोई ठोस साक्ष्य देना चाहिए और डीजीएडी द्वारा उनकी प्रकल्पनाओं को ही स्वीकार नहीं कर लेना चाहिए।

121. हितबद्ध पक्षकारों ने पुन: यह तर्क दिया है कि चीन ग्लास का विश्व में सबसे बड़ा उपभोक्ता है और उसकी मांग विश्व भर की कुल मांग का लगभग 50 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, चीन के निर्यातकों का क्षमता उपयोग 90 प्रतिशत से अधिक है। इसलिए चीन में भारी क्षमताओं को होना तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए शुल्क को समाप्त कर देने का भारत में घरेलू उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है।

ञ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

122. वर्तमान जांच चीन जन.गण. और इंडोनेशिया से संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की एक निर्णायक समीक्षा है। नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी को यह निर्धारित करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बनी रहेगी अथवा उसकी पुनरावृत्ति होगी।

123. इस समय कई देशों से आयातित संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है और जांच की अवधि के दौरान इन देशों से आयातों की मात्रा बहुत अधिक थी तथा निरंतर बढ़ रही थी। पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण होने के बावजूद संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों की निरंतरता बनी रही। तथापि, चीन से आयातों की मात्रा बहुत अधिक थी तथा उसमें क्षति जांच की अवधि के दौरान वृद्धि भी हुई थी, वहीं क्षति जांच अवधि के दौरान इंडोनेशिया से छोटी सी मात्रा का केवल एक सौदा हुआ, हालांकि इस सौदे की कीमत बहुत न्यून थी। इसलिए, ऐसी स्थिति में जहां कई ऐसे देशों से आयात हो रहे हो, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा हो, वहां प्राधिकारी को देशों का एक सेट से शुल्क हो हटा लिए जाने की स्थिति में संभावित परिदृश्य की जांच करना अपेक्षित होता है।

124. यह देखने के लिए निम्नलिखित तथ्यों की जांच की गई कि क्या चीन से पाटन की निरंतरता बने रहने और इंडोनेशिया से पाटन की पुनरावृत्ति होने की संभावना है क्योंकि जांच की अवधि के दौरान उस देश से केवल एक ही सौदा हुआ था, और क्या इस परिदृश्य में घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति सहन करने की निरंतरता बनी रहेगी।

(i) संबद्ध देशों से मौजूदा एवं पिछले पाटन मार्जिन का स्तर

125. पिछले खंडों में की गई जांच से यह स्पष्ट होता है कि चीन, जहां से आयातों की मात्रा बहुत अधिक थी, पाटन मार्जिन का स्तर पर्याप्त था। यद्यपि इंडोनेशिया से भी पाटन मार्जिन उच्च पाया गया, तथापि, यह निर्धारण जांच की अवधि के दौरान किए गए एकमात्र सौदे पर आधारित है और क्षति जांच अवधि के दौरान वहां से किसी अन्य आयात की सूचना नहीं दी गई।

(ii) संबद्ध देशों में उपलब्ध क्षमताएं

126. घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुतिकरण किया है कि चीन के पास भारी बेशी क्षमताएं हैं और चीन के निर्यातों पर कई देशों द्वारा पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किए जाने से इस बात की आसन्न संभावना है कि यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो भारत में इस वस्तु का पथान्तरण होने लगेगा। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस दावे का विरोध किया है और यह तर्क दिया है कि क्षमताओं की केवल उपलब्ध ही शुल्क का विस्तार किए जाने के लिए आधार नहीं बन सकती है।

127. चीन अथवा इंडोनेशिया के किसी भी उत्पादक अथवा निर्यातक ने इन देशों में उत्पादन, खपत या क्षमताओं के संबंध में कोई भी सूचना नहीं दी है। एफओएसजी ने अपने प्रस्तुतिकरण में प्रस्तुत किया है कि यह एक स्वीकृत स्थिति है कि चीन जन.गण. की क्षमता कुल भारतीय मांग की तुलना में अधिक है और जहां तक फ्लोट ग्लास के विनिर्माण का संबंध है, भारत का घरेलू उद्योग किसी भी समय पर चीन जन.गण. के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं हो जाएगा। यह प्रस्तुतिकरण किया गया है कि चीन की क्षमता, भारत में कुल मांग की 26 गुना अधिक है और यह घरेलू उद्योग की उत्पादन क्षमता से 33 गुना ज्यादा है। इससे अनिवार्यत: यह प्रदर्शित होता है कि घरेलू उद्योग ने अपना उत्पादन क्षमता में गंभीरतापूर्वक वृद्धि नहीं की जिससे कि वह भारतीय बाजार में लागत प्रतिस्पर्धी उत्पादन प्रदान करा पाता। इसके अतिरिक्त, यह प्रस्तुतिकरण भी किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में घरेलू उद्योग केवल 3-4 अतिरिक्त फ्लोट लाइन्स का ही विस्तार कर सका जबकि भारत को चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए और भारतीय बाजार में लागत प्रतिस्पर्धी उत्पादों की पेशकश करने के लिए भारत के पास कम से कम 50 फ्लोट लाइनें होनी चाहिए।

128. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराई गई रिपोर्ट के अनुसार चीन की फ्लोट ग्लास का उत्पादन करने में चीन की प्रभावी स्थिति बरकरार है और वह इस उत्पाद का विश्व में बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

129. तथापि, जहां तक इंडोनेशिया का संबंध है, घरेलू उद्योग ने इंडोनेशिया के उत्पादकों की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना के आधार पर ऊपर रिकार्ड किए गए के अनुसार इंडोनेशियाई उत्पादकों और निर्यातकों की क्षमता तथा निर्यात उन्मुखता के संबंध में कतिपय सूचना प्रदान कराई है। घरेलू उद्योग ने, इसके अतिरिक्त, यह तर्क भी दिया है कि उनका दायित्व केवल सकारात्मक सूचना ही प्रदान करता था जिससे समीक्षा की शुरूआत की जा सके और तत्पश्चात्, विस्तृत सूचना प्रदान करने का उत्तरदायित्व उस देश के उत्पादकों और निर्यातकों पर है जिसे प्रदान करने में वे असफल रहे हैं। यहां तक कि इंडोनेशिया की सरकार ने भी सार्वजनिक सुनवाई के दौरान अनुरोध किए गए के अनुसार सूचना प्रदान नहीं कराई है।

130. इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह एक निर्णायक समीक्षा है और न कि एक मध्यावधि समीक्षा, जिसमें समीक्षा की शुरूआत करने के लिए केवल सकारात्मक सूचना भी अपेक्षित होती है। इसलिए इस संबंध में घरेलू उद्योग का तर्क सही नहीं है। एक निर्णायक समीक्षा में, जिसमें शुल्क की अन्य पांच वर्षों की अवधि के लिए बढ़ाए जाने की मांग की जाती है, संभावना की जांच अधिक महत्वपूर्ण है जिसके लिए ऐसे साक्ष्यों की आवश्यकता होती है जो यह सिद्ध कर सके कि पाटन और उसके परिणामस्वरूप क्षति की पुनरावृत्ति की आसन्न संभावना होना अपेक्षित है। यद्यपि घरेलू उद्योग ने इंडोनेशिया में मौजूद क्षमताओं के संबंध में कुछ सूचना प्रदान की है तथापि, घरेलू मांग तथा अन्य देशों को निर्यात के संबंध में कोई ऐसा भरोसेमंद साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जो यह सिद्ध कर सके कि क्या यह क्षमताएं बेशी क्षमताएं हैं और पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिए जाने की स्थिति में उसका भारत को पथान्तरण होने की संभावना है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि इंडोनेशिया की सरकार ने भी इस संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं की है।

(iv) संबद्ध देशों से अन्य देशों में कीमतों के आधार पर क्षति एवं पाटन मार्जिन का स्तर

131. पाटनरोधी शुल्क प्रभावी होने के बावजूद चीन से संबद्ध वस्तु का पाटित कीमतों पर आयात होना जारी रहा और वह भारतीय बाजार में घरेलू कीमतों का भारी कीमत अधोरदन करता रहा। क्षति जांच अवधि के दौरान तीन महत्वपूर्ण सौदे भी घरेलू उद्योग की कीमतों की तुलना में अत्यधिक कम कीमतों पर किए गए। परंतु इस तथ्य पर विचार करते हुए वे प्रतिनिधिक नहीं हो सकते हैं कि संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान उस देश से कोई आयात हुआ ही नहीं है।

132. घरेलू उद्योग ने यह प्रदर्शित करने के लिए चीन और इंडोनेशिया से अन्य देशों को पूर्ति की जाने वाली संबद्ध वस्तुओं के मूल्य के कुछ प्रमाण दिए हैं कि यदि शुल्क मंसूख किए जाते हैं तो भारतीय बाजार में ऐसे मूल्यों आयात होगा जो भारतीय उद्योग को हानि पहुंचाएंगे।

तथापि, यह सूचना केवल नमूना इनवाइसिस पर आधारित है और प्रकट तौर पर चीन और इंडोनिशया से अन्य देशों को निर्यात संबंधी कोई आंकड़ा नहीं दिया गया है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से ऐसी सूचना हासिल करने के लिए कोई समर्पित शीर्ष उपलब्ध नहीं है।

(v) भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता और मांग परिदृश्य

133. संबद्ध वस्तु के लिए भारत की बाजार में इस उत्पाद की भारी मांग है जो सामान्य आर्थिक विकास के अनुरूप ही है। तथापि, विगत का कीमत परिदृष्य यह दर्शाता है कि यह अभी भी एक कम कीमत वाली बाजार बनी हुई है और यह विश्व के उन उद्यमों के लिए एक आकर्षक बाजार है जिनकी मार्जिन लागत कीमत निर्धारण पर निर्यात करने की वेशी क्षमताएं है। तथापि, यदि शुल्क हो हटा दिया जाता है तो भारतीय बाजार और भी अधिक आकर्षक हो जाएगी क्योंकि निर्यातकगण उनके द्वारा शुल्क अवशोषण की क्षमता तक बेहतर कीमतें प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

(vi) उत्पाद पर प्रभावी पाटनरोधी शुल्क

134. भारत द्वारा पाकिस्तान, यूएई और सऊदी अरेबिया से फ्लोट ग्लास के आयातों के विरुद्ध दिनांक 11 दिसम्बर, 2014 की अधिसूचना संख्या 48/2014-सीमाशुल्क (एडीडी) के तहत पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किया है। प्राधिकारी की जानकारी में यह भी लाया गया है कि ब्राजील, जो उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं और फ्लोट ग्लास के उभरते हुए उपभोक्ताओं में से एक है, ने चीन से इस उत्पाद के आयातों पर वर्ष 2013 में शुल्क अधिरोपण किया गया है। दक्षिण कोरिया व्यापार आयोग ने चीन के फ्लोट ग्लास उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क, जिसका उदग्रहण अप्रैल, 2012 में किया गया था, बढ़ा दिया है। आस्ट्रेलियाई प्राधिकारियों ने थाईलैंड से फ्लोट ग्लास के आयातों पर नवम्बर, 2011 में पाटनरोधी शुल्क का उदग्रहण किया था। इसलिए, इस संबद्ध वस्तु के चीन से ब्राजील दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया को हो रहे निर्यातों पर काफी हद तक प्रभाव पड़ने की संभावना है। इंडोनेशिया से इस संबद्ध वस्तुओं के निर्यातों के विरुद्ध पाटनरोधी कार्रवाई के संबंध में किसी भी अन्य देश द्वारा कोई सूचना प्रदान नहीं कराई गई है।

(vii) जांच की अवधि के पश्चात् की अवधि में आयातों की प्रवृत्ति

135. वर्तमान मामले में जांच की अवधि जुलाई, 2012 – जून, 2013 थी और संवर्धित पाटनरोधी शुल्क 05 जनवरी, 2015 तक वैध था। जांच की अवधि के पश्चात् की अवधि में आयातों तथा कीमतों की प्रवृत्ति यह प्रदर्शित करती है कि इंडोनेशिया से कोई आयात नहीं हुआ और चीन से आयातों में भी गिरावट आई है। जांच की अवधि के पश्चात् की अवधि के लिए आंकड़े निम्नलिखित हैं :

देश	मूल्यों का योग रुपए	मीट्रिक टन का योग
चीन जन.गण.	39378773	1753
इंडोनेशिया	0	0

136. यह नोट किया जाता है कि इस अवधि के दौरान चीन और इंडोनेशिया से होने वाले आयातों पर पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित था। इसलिए, आयातों की प्रवृत्ति की तुलना में क्षति जांच अवधि में परिवर्तन नहीं हुआ।

ञ. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात् किया गया विवरण प्रस्तुतिकरण

137. प्राधिकारी ने इस मामले के अनिवार्य तथ्यों का प्रकटन करते हुए और सभी हितबद्ध पक्षकारों से उन पर उनकी टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए दिनांक 23 जून, 2015 को एक प्रकटन विवरण जारी किया। हितबद्ध पक्षकारों ने अधिकांशत: अपने विचारों को दोहराया ही है। संक्षिप्तता के उद्देश्य से, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पहले की गई टिप्पणियों/प्रस्तुतिकरणों को दोहराया नहीं गया है। तदनुसार, प्रकटन के उपरांत प्रस्तुतियों और उनके अंतर्गत उठाए गए मुद्दों की यहां इसके तहत जांच की गई है :

ञ.1. घरेलू उद्योग की टिप्पणियां

138. घरेलू उद्योग के ऊपर रिकार्ड किए गए इंडोनेशिया से पाटन की पुनरावृत्ति की संभावना संबंधी अपनी टिप्पणियों के अलावा, अपने प्रकटन पश्चात् किए गए विवरण प्रस्तुतिकरण में यह प्रस्तुत किया है कि जहां तक चीन जन.गण. से संबंधित तथ्यों, विश्लेषणों और निष्कर्षों का संबंध है घरेलू उद्योग को प्रस्तावित निष्कर्षों के मुद्देनजर कोई विशिष्ट टिप्पणी नहीं करनी है।

ब.2. फेडरेशन ऑफ सेफ्टीग्लास के विचार

139. फेडरेशन ऑफ सेफ्टी ग्लास ने प्रकटन पश्चात् की नई अपनी टिप्पणियों में यह प्रस्तुतिकरण किया है कि यद्यपि प्रकटन में उनके विचारों को समुचित रूप से रिकार्ड किया गया है तथापि प्रकटन विवरण के पैरा 41(iv) के अंतर्गत प्राधिकारी का यह प्रेक्षण कि हितबद्ध पक्षकार घरेलू उद्योग को अनुचित संरक्षण दिए जाने के सिद्ध करने के लिए साक्ष्य प्रदान करने में असफल रहे हैं और यह कि वे यह सिद्ध करने में असफल रहे हैं कि इन देशों से आयातों के विरुद्ध शुल्क की निरंतरता किस तरह अर्थव्यवस्था अथवा देश के व्यापक हित के विपरीत होगी और यह उनके द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों के विपरीत है। इसलिए, प्राधिकारी को एफओएसजी द्वारा किए गए उद्देश्यपरक और व्यापक प्रस्तुतिकरणों को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त जांच परिणाम पर पुन: विचार करना चाहिए और कोई तर्कसंगत निर्णय लेना चाहिए।

ब.3. अजन्ता प्राइवेट लिमिटेड और पीटी मुलियाग्लास इंडोनेशिया द्वारा प्रस्तुत विचार

140. अपने पृथक एवं समरूपी प्रस्तुतिकरणों में उपर्युक्त हितबद्ध पक्षकारों ने इस जांच में इससे पूर्व, इस जांच की अनुरक्षणीयता सहित, जांच के विभिन्न पहलुओं पर इससे पहले किए गए प्रस्तुतिकरणों और तर्कों की अधिकांशत: पुनरावृत्ति ही की है। संक्षिप्तता को ध्यान में रखते हुए उन विचारा को यहां दोहराया नहीं जा रहा है। पक्षकारों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों को संक्षेप में निम्नलिखित अभिव्यक्त किया जा रहा है। पक्षकारों ने, अन्य बातों के साथ-साथ यह तर्क दिया है कि :

- यह कि जब पाटनरोधी शुल्क प्रभावी नहीं है तो पाटन की निरंतरता अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में कोई जांच की जा सकती है। चूंकि प्रश्नाधीन शुल्क 05 जनवरी, 2015 को समाप्त हो गया है और कोई पाटनरोधी शुल्क प्रभावी नहीं है इसलिए प्राधिकारी अब पाटन की निरंतरता अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना की जांच नहीं कर सकते हैं।

- यह कि विचारित विनिमय दर न्यायोचित नहीं है क्योंकि प्रतिवादीगण यह विश्वास करते हैं कि आरबीआई के इस समय प्रचलित दर को किया जाना चाहिए। पुन: यह प्रस्तुतिकरण किया गया है कि यदि मौजूदा विनिमय दर पर विचार किया जाता है तो कीमत अधोरदन और कीमत अधोविक्रयण का प्रशमन हो जाएगा।

- यह कि प्राधिकारी ने यह उल्लेख किया है कि 4 एमएम से कम की संबद्ध वस्तु का भी जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात किया गया है परंतु उसकी मात्रा बहुत कम है। यह पुनरावृत्ति की गई है कि यदि सऊदी अरेबिया, यूएई और पाकिस्तान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित क्लीयर फ्लोट ग्लास के मामलों में यह व्यक्त होता है तो 4 एमएम और उससे कम की मोटाई के फ्लोट ग्लास का विचाराधीन उत्पाद के दायरे से अपवर्जन करने में घरेलू उत्पादकों को 4 एमएम और उससे कम की मोटाई वाले फ्लोट ग्लास से क्षति नहीं हो रही है।

- यह कि संबद्ध देशों से आयातों के कारण कोई क्षति नहीं हुई है क्योंकि इसकी मात्रा अन्य देशों से किए गए आयातों की मात्रा की तुलना में बहुत कम है। इसके अतिरिक्त, इस अल्प मात्रा में भी जांच की अवधि के साथ-साथ क्षति अवधि में निरंतर गिरावट आई है।

- यह कि कतिपय सूचना के संबंध में प्रदान की गई गोपनीयता अनधिपत्रित है।

- यह कि इंडोनेशिया और चीन के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण अवैध है क्योंकि किसी भी परिस्थिति के अंतर्गत बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में घरेलू उत्पादकों की उत्पादन लागत के आधार पर नहीं की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का निर्धारण करने और तर्कसंगत लाभ के लिए आधार हेतु सूचना के स्रोत का भी प्रकटन नहीं किया है।

- यह कि घरेलू उद्योग को लगभग सभी पैरामीटरों के आधार पर क्षति कारित नहीं की गई है। घरेलू उद्योग ने संवेदनशील क्षति पैरामीटरों जैसे घरेलू बिक्रियां, क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग, रोजगार और मालसूची आदि के संबंध में स्पष्टत: भारी सुधार हुआ है। एकमात्र संभावित क्षति पैरामीटर जिसके जरिए क्षति का प्रदर्शन हो सकता है, वह है लाभ की प्रवृत्ति और बाजार हिस्से गिरावट। प्राधिकारी ने, उन संबद्ध देशों के जिन पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी नहीं है, अलावा अन्य देशों से आयातों की मौजूदगी और वृद्धि को भी माना है। इस तरह के देशों से आयातों में जांच की अवधि के दौरान 6 गुना वृद्धि हुई है। इस प्रकार क्षति एवं क्षति की संभावना की वास्तविक कारण संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात नहीं है।

- यह कि निर्णायक समीक्षा का दायरा केवल यह निष्कर्ष निकालने तक सीमित है कि क्या पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है और इसके अलावा कुछ नहीं। इसलिए, यद्यपि संबद्ध देशों से संबद्ध निर्यातों पर पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता पूर्णतया नहीं बनाए रखी जा सकती है, तथापि यह प्रस्तुतिकरण किया जाता है कि यदि प्राधिकारी ऐसा करने का निर्णय करते भी हैं तो पाटनरोधी शुल्क की दर मौजूदा शुल्क से अधिक नहीं हो सकती है।

- यह कि संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता की निर्णायक समीक्षा को बिना क्षेत्राधिकारी के खारिज कर दिया जाना अपेक्षित होता है। यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी को समीक्षा को जारी रखने का निर्णय करते भी हैं तो पाटनरोधी शुल्क में वृद्धि नहीं की जा सकती है।

झ.4. प्राधिकारी द्वारा मुद्दों की जांच

141. प्राधिकारी ने इन मुद्दों की जांच की है तथा प्रकटन विवरण पश्चात् घरेलू उद्योग तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्राधिकारी के विचार इस प्रकार हैं। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को छोड़कर अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों ने इस जांच के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अपने विगत में किए गए प्रस्तुतिकरणों को ही अधिकांशत: दोहराया ही है जिनका इस जांच परिणाम के संबंधित पैराग्राफों में समाधान कर दिया गया है। ऊपर संक्षेप में दिए गए अन्य मुद्दों की जांच अधोलिखित रूप में की गई है :

142. जहां तक एफओएसजी की टिप्पणियों का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उनके द्वारा घरेलू उद्योग के क्षति दावों के संबंध में प्रदान कराई गई सूचना का इस जांच परिणाम के संगत खंडों में उपयुक्त ढंग से निराकरण कर दिया गया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति एवं क्षति की निरंतरता अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना कई घटकों का एक समग्र आकलन है और उसका उद्देश्यपरक ढंग से इस जांच परिणाम में रिकार्ड किए गए के अनुसार समाधान किया गया है। जहां तक अनुप्रवाही उत्पादकों पर शुल्क की निरंतरता के प्रभाव के संबंध में उनकी चिंता का संबंध है, प्राधिकारी ने उसकी जांच की है और यह रिकार्ड किया है कि पाटनरोधी शुल्क का आशय घरेलू बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा और समान अवसरों को पुनर्स्थापित करना है जो उपभोक्ताओं के आम हित में भी है।

143. जहां तक मैसर्स अजन्ता तथा मैसर्स पी टी मुलियाग्लास इंडोनेशिया द्वारा इस जांच की वैधता और संभावना के परीक्षण की वैधता का संबंध है प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यद्यपि यह शुल्क 5 जनवरी, 2015 को समाप्त हो गया तथापि केंद्रीय सरकार ने नियमावली के संगत प्रावधानों के अनुसार इस जांच को पूरा करने की समयावधि 02 जुलाई, 2015 तक बढ़ा दी है और इसलिए इस जांच तथा विभिन्न पहलुओं के परीक्षण की निरंतरता वैध है और उसका आयोजन नियमावली में उल्लिखित नियमों के अनुसार ही किया गया है।

144. जहां तक इस विचाराधीन उत्पाद के दायरे तथा 4 एमएम से कम के फ्लोट ग्लास का अपवर्जन करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों की मांग का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इसका समाधान इस जांच परिणाम के संगत खंडों में समुचित रूप से कर दिया गया है। इसलिए हितबद्ध पक्षकारों के तर्क को स्वीकार नहीं किया जाता है।

145. जहां तक मौजूदा क्षति और क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने का प्रश्न है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि क्षति की जांच करना कई कारकों को कवर करते हुए एक समग्र आकलन है और कोई एक अथवा घटकों का समूह क्षति एवं क्षति की संभावना के संबंध में कोई निर्णायक संकेत नहीं दे सकता है। इसलिए, विभिन्न कारकों की उद्देश्यपरक जांच की गई है, जैसाकि इस जांच परिणाम में रिकार्ड किया गया है, जिसमें अन्य स्रोतों से आयातों का प्रभाव शामिल है। प्राधिकारी ने यह भी रिकार्ड किया है कि विभिन्न स्रोतों से एक साथ पाटन होने के मद्देनजर क्षति की संचयी जांच की गई है। इसलिए, इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों की चिंताओं का उपयुक्त ढंग से समाधान कर दिया गया है।

146. जहां तक हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क का संबंध है कि किसी निर्णायक समीक्षा में शुल्क में वृद्धि नहीं की जा सकती है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संगत परम्परा के अनुसार इस निर्णायक समीक्षा की जांच की अवधि के दौरान मौजूदा पाटन एवं क्षति, यदि कोई, की मात्रा का आकलन किया गया है और इस तरह आकलित पाटन एवं क्षति की सीमा तक शुल्क में वृद्धि इस तरह की गई है कि उससे शुल्क में या तो कमी हो या उसमें वृद्धि हो। मौजूदा पाटन एवं क्षति की स्थिति न होने और पाटन एवं क्षति की संभावना के आधार पर शुल्क में वृद्धि किया जाना अपेक्षित होने पर ही शुल्क में वृद्धि की गई है, जैसाकि यहां किया गया है। यदि हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों को एक ऐसी स्थिति में स्वीकार कर लिया जाता है जहां शुल्क का अधिरोपण किए जाने के पश्चात् पाटन एवं क्षति की मात्रा एवं सीमा में कमी आई है, वहां शुल्क में उच्चतर वृद्धि की जाती है जो न तो विधि की भावनाओं के अनुरूप होती है और न ही जांच के पक्षकारों के हित में। इसलिए, इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए तर्क स्वीकार्य नहीं हैं।

147. जहां तक सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस मुद्दे का इस जांच परिणाम के संगत पैराग्राफों में उपयुक्त ढंग से समाधान कर दिया गया है। इस तथ्य का स्पष्टत: उल्लेख किया

गया है कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 में दिए गए प्रथम एवं द्वितीय विकल्प के अनुसार चीन में सामान्य मूल्य के निर्धारण की संभावना की जांच की गई परंतु उस देश में कीमत और लागत के आधार पर अथवा उस देश से, भारत सहित किसी अन्य देश को कीमत और लागत के आधार पर सामान्य मूल्य की संरचना करने के लिए उदाहरण के रूप में किसी उपयुक्त तृतीय देश का चयन करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान कराई गई किसी भरोसेमंद और सार्थक सूचना/आंकड़ों के अभाव में इसका आश्रय नहीं लिया जा सका। इसलिए, चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण ऊपर उल्लिखित नियमावली में प्रदान कराए गए तीसरे विकल्प के अनुसार किया गया है और सामान्य मूल्य की संरचना भारत में कार्यकुशल घरेलू उत्पादक/संयंत्र की उत्पादन लागत के आधार पर, प्रमुख कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का विधिवत समायोजन करने के पश्चात् किया गया है। प्रमुख कच्चे माल जैसे सोडा ऐश की कीमतें वर्ल्ड ट्रेड ऐटलस से ली गई हैं। प्राधिकारी ने अपनी संगत परम्परा के अनुसार 5 प्रतिशत के तर्कसंगत लाभ का प्रावधान भी किया है। इसलिए, इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क स्वीकार्य नहीं हैं।

ट. पाटन एवं क्षति की निरंतरता अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना का समग्र आकलन

148. पाटन एवं मार्जिन के पहलुओं की विभिन्न संभावनाओं का उपर्युक्त विश्लेषण यह दर्शाता है कि चीन की फ्लोट ग्लास विनिर्माण में भारी क्षमताएं होने से विश्व बाजार में चीन की स्थिति बहुत अच्छी है। इसके उत्पादों पर ब्राजील में पाटनरोधी शुल्क और अभी हाल ही में भारत द्वारा कई अन्य देशों के विरुद्ध अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क का चीन द्वारा, यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो भारत में पाटित वस्तु का पाटन उच्चतर मात्रा में जारी रखने का लाभ प्राप्त होगा। इसलिए चीन से पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की तीव्रता निकट भविष्य में ही बढ़ जाने की संभावना है।

149. तथापि, जहां तक इंडोनेशिया का संबंध है, यद्यपि घरेलू उद्योग ने उस देश में क्षमताओं से संबंधित सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कतिपय सूचना प्रदान कराई है तथापि यह दर्शाने के लिए कोई भी उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया गया है कि यह क्षमताएं घरेलू मांग तथा अन्य देशों को निर्यात से बेशी क्षमताएं हैं जिससे उस देश के निर्यातक भारत को पाटित कीमतों पर भारी मात्रा में निर्यात पुन: प्रारंभ कर सकते हैं क्योंकि संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान इस देश से भारत को व्यावसायिक रूप से कोई निर्यात नहीं हुआ है। चूंकि यह दर्शाने के लिए कोई भरोसेमंद सूचना नहीं है कि इंडोनेशिया से पाटन की पुनरावृत्ति होने की कोई आसन्न संभावना है, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि यदि उस देश के विरुद्ध लगाए गए शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो इंडोनेशिया से पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना नहीं है।

150. क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना के संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को, पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित होने के बावजूद, संबद्ध देशों सहित कई स्रोतों से पाटित आयातों के संचयी प्रभाव के कारण, उत्पादन और बिक्री में सुधार होने के बावजूद, भारी वित्तीय घाटे के रूप में वास्तविक क्षति की निरंतरता बनी हुई है। इसलिए, यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो चीन से आयातों की मात्रा में वृद्धि होने और चीन से पाटित आयातों के साथ-साथ उन अन्य देशों से जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा हुआ है पाटित आयातों के कीमत एवं मात्रा प्रभाव के कारण घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति होने की संभावना है, जैसाकि पहले ही प्रदर्शित किया गया है।

151. उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो चीन जन.गण. से पाटन की निरंतरता बने रहने और उसके तीव्र होने की पूरी संभावना है और इंडोनेशिया से पाटन की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की कोई संभावना नहीं है। प्राधिकारी यह निष्कर्ष भी निकालते हैं कि चीन से पाटन की निरंतरता और उसका तीव्रीकरण से घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बनी रहेगी।

ठ. निष्कर्ष

152. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों और किए गए प्रस्तुतिकरणों तथा प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध कराए गए तथ्यों, जिन्हें इस जांच परिणाम में रिकार्ड किया गया, की जांच करने के पश्चात् प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि :

(i) भारतीय बाजार में चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तु का उसके सामान्य मूल्य से कम कीमत पर प्रवेश होना जारी रहा और पाटन मार्जिन पर्याप्त तथा न्यूनतम से अधिक है। तथापि, इंडोनेशिया से हुए आयात महत्वहीन हैं, यद्यपि पाटन मार्जिन सकारात्मक है और वह न्यूनतम से अधिक है;

(ii) घरेलू उद्योग को क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों सहित कई अन्य देशों से पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण वास्तविक क्षति सहन करनी पड़ी है;

(iii) यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो चीन जन.गण. से पाटित कीमतों पर इसका निर्यात बने रहने की संभावना है और चीन जन.गण. से पाटन की निरंतरता बने रहने की संभावना है। तथापि, क्षति जांच अवधि के दौरान कोई महत्वपूर्ण आयात नहीं होने के मद्देनजर और इंडोनेशिया से पाटन की पुनरावृत्ति होने की संभावना के समर्थन में किसी विश्वसनीय समर्थनकारी साक्ष्य के अभाव में प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इंडोनेशिया से किसी पाटन की पुनरावृत्ति होने की कोई आसन्न संभावना नहीं है; और

(iv) चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति, उस देश से पाटित आयातों की निरंतरता के कारण, होने की संभावना है।

ङ. जनहित तथा अन्य मुद्दे

153. एफओएसजी ने, अपने प्रस्तुतिकरणों में यह तर्क दिया है कि इस समय एफओएसजी में 76 सदस्य हैं, जबकि प्रासेस्ड ग्लास उद्योग में लगभग 125 विनिर्माण निकाय हैं। प्रासेस्ड ग्लास का एक-एक संयंत्र 100-125 कर्मचारियों को रोजगार देता है। इस एसोसिएशन के सदस्य टफेंड, इंसुलेटेड और लैमीनेटेड ग्लासों का विनिर्माण करने वाले "प्रासेस्ड ग्लास उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारी एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा उत्पादित वस्तु का बाजार आकार भारत में प्रतिवर्ष लगभग 2800 करोड़ रुपए का है जबकि फ्लोट ग्लास उद्योग का आकार प्रति वर्ष लगभग 4000 करोड़ रुपए का है। प्रासेस्ड ग्लास उद्योग भारत में कुल फ्लोट ग्लास बाजार के लगभग 35-40 प्रतिशत की खपत करता है। मूल्य के रूप में यह फ्लोट ग्लास उद्योग के एक वर्ष में लगभग 4000 करोड़ रुपए के कुल बाजार आकार में यह लगभग 1500 करोड़ रुपए का है। इसलिए, फ्लोट ग्लास उद्योग पर किया गया कोई भी उदग्रहण इस प्रासेसिंग उद्योग को प्रत्यक्षत: प्रभावित करता है। एफओएसजी, एमएसएमई का एक एसोसिएशन भी है जो टफेंड ग्लास का विनिर्माण करने के लिए फ्लोट ग्लास का प्रयोग करता है। इसलिए, प्राधिकारी को चाहिए कि वे इन विनिर्माताओं के हितों की रक्षा करें और शुल्क न लगाएं।

154. इस संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी विधि का उद्देश्य अन्य देशों के उत्पादकों की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं के विरुद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादन की रक्षा करके वस्तु का उत्पादन करने और भारतीय बाजार में वस्तु की खपत करने के लिए समान अवसरों का सृजन करना है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उत्पादन आधार का अस्तित्व और उसकी संधारणीयता सामान्य आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और यह घरेलू उपभोक्ताओं के हित में भी है जो घरेलू उत्पादन आधार पर अभाव में विदेशी उत्पादकों के एकाधिकारवादी व्यवहार के प्रति प्रगोपित नहीं होगी। तथापि, प्राधिकारी ने इस जांच परिणाम में घरेलू उत्पादकों के कीमत एवं लागत व्यवहार की उद्देश्यपरक जांच, घरेलू उद्योग की चिंताओं का निराकरण करने और क्षति एवं कारणात्मक संबंधी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए की है।

ढ. सिफारिशें

155. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह जांच शुरू की गई और इसकी सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचना दी गई और निर्यातकों, आयातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर तथा पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिए जाने की स्थिति में पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने की संभावना के संबंध में सकारात्मक सूचना और सत्यापन योग्य साक्ष्य प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप जांच आयोजित करके और यह सिद्ध करके कि यदि शुल्क का प्रतिसंहरण कर दिया जाता है तो चीन जन.गण. से पाटन की निरंतरता बने रहने की संभावना है और उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने की संभावना है, प्राधिकारी चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क में, अधोलिखित स्वरूप और ढंग से विस्तार करने की सिफारिश करना आवश्यक एवं उपयुक्त समझते हैं। इंडोनेशिया से पाटन की निरंतरता बने रहने

अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना से संबंधित किसी विश्वसनीय साक्ष्य के अभाव में प्राधिकारी इंडोनेशिया के विरुद्ध शुल्क वापस लेने की सिफारिश करना उपयुक्त मानते हैं।

156. न्यूनतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी जांच की अवधि के लिए इस जांच परिणाम में यथानिर्धारित क्षति मार्जिन और पाटन मार्जिन के न्यूनतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क में विस्तार करने की सिफारिश करते हैं, जिससे कि घरेलू उद्योग को हो रही क्षति को दूर किया जा सके। तदनुसार, चीन जन.गण. देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित अधोलिखित शुल्क तालिका की पाट टिप्पणी सहित के कालम 3 में यथाउल्लिखित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों पर केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी अधिसूचना की तारीख से निम्नलिखित तालिका के कालम 8 में विनिर्दिष्ट राशि के बराबर निर्णायक पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किए जाने की सिफारिश की जाती है।

शुल्क तालिका

क्र.सं.	उप-शीर्षक या प्रशुल्क मद	वस्तु विवरण	उद्गम के देश	निर्यात के देश	उत्पादक	निर्यातक	शुल्क-राशि	मापन की इकाई	मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	7005	फ्लोट ग्लास**	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	कोई	कोई	218	एमटी	यूएस डालर
2	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	कोई	कोई	कोई	218	एमटी	यूएस डालर
3	-वही-	-वही-	जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है उनके अलावा कोई अन्य***	चीन जन.गण.	कोई	कोई	218	एमटी	यूएस डालर

**"2 एमएम से 12 एमएम (दोनों मोटाइयों को शामिल करते हुए) की मोटाई के क्लीयर तथा टिन्टेड वैरायटी के फ्लोट ग्लास, परंतु इनमें सजावट, औद्योगिक अथवा आटोमोटिव उद्देश्यों के लिए रिफ्लेक्टिव ग्लास, प्रासेस्ड ग्लास शामिल नहीं हैं।"

***उन देशों के मूल की वस्तु के मामले में जिन पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है, उन मामलों में उन अधिसूचनाओं के अंतर्गत अनुप्रयोज्य शुल्क लागू होगा।

157. केंद्रीय सरकार द्वारा, इस सिफारिश के परिणामस्वरूप, निकाले गए आदेश के विरुद्ध अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद की एवं सेवाकर अपीलीय अधिकरण में अपील दायर की जा सकती है।

158. प्राधिकारी अधिनियम के संगत प्रावधानों तथा इस संबंध में समय-समय पर जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार इस यथा संस्तुत निर्णायक शुल्क की समय-समय पर निरंतरता, संशोधन अथवा उसे समाप्त करने की जरूरत की जांच कर सकते हैं। प्राधिकारी द्वारा ऐसे किसी भी समीक्षा के संबंध में अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक उसे इस प्रयोजनार्थ विहित समय के अंदर हितबद्ध पक्षकार द्वारा दायर नहीं किया जाता है।

जे. के. दादू, निर्दिष्ट प्राधिकारी

MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY
(Department of Commerce)
(Directorate General of Anti Dumping and Allied Duties)

NOTIFICATION
New Delhi, the 2nd July, 2015
Final Finding

Subject : Second Sunset Review (SSR) anti-dumping investigation concerning imports of 'Certain Float Glass' originating in or exported from China PR and Indonesia.

F. No. 15/24/2013-DGAD.—Whereas having regard to the Customs Tariff Act, 1975 as amended in 1995 (hereinafter referred to as the Act) and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Anti-Dumping Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995, (hereinafter referred to as the Rules) thereof, on the basis of the duly substantiated application filed on behalf of the domestic producers of float glass in India and in accordance with section 9A(5) of the Act, read with Rule 23 of the Anti-dumping Rules, the Designated Authority in the Ministry of Commerce and Industry, Department of Commerce, Govt. of India, appointed under the Rules supra, (hereinafter referred to as "the Authority"), initiated a sunset review investigation, vide Notification No. 15/24/2013-DGAD dated 3rd January, 2014, to examine whether the expiry of the duty in force on import of certain float glass originating in or exported from China PR and Indonesia, is likely to lead to continuation or recurrence of dumping and injury to the domestic industry.

A. Background of the Case

1. Having regard to the above Act and Rules the Designated Authority had, vide Notification No. 14/19/2002-DGAD dated 05th July, 2002, initiated an anti-dumping investigation concerning import of "Certain Float Glass" (hereinafter referred to as subject goods), originating in or exported from China PR and Indonesia (hereinafter referred to as "subject countries").

2. The Preliminary Findings were issued by the Authority, vide Notification No. 14/19/2002-DGAD dated 20th November, 2002 and provisional duty was imposed by the Central Government, vide Notifications No. 7/2003-Customs, dated 7th January, 2003. The Final Findings were issued by the Authority vide Notification No. 14/19/2002-DGAD, dated 22nd August, 2003. On the basis of the recommendations made by the Authority in the final findings, definitive anti-dumping duties were imposed by the Central Government, vide Notifications No. 165/2003-Customs, dated 12th November, 2003 on the imports of the above goods, originating in or exported from the subject countries.

3. Before expiry of the said duty M/s Saint-Gobain Glass India Limited, the major domestic manufacturer of the subject goods in India, filed a duly substantiated application in 2007 before the Authority, on behalf of the domestic industry, in accordance with the Act and the Rules, alleging likelihood of continuation or recurrence of dumping of the above goods, originating in or exported from subject countries and consequent injury to the domestic industry in the event of cessation of duty, and requested for a review of the same for continuation and enhancement of the anti-dumping duties imposed on the imports of "Certain Float Glass", originating in or exported from the subject countries.

4. On the basis of duly substantiated application filed by the domestic industry, Authority vide Notification No. 15/01/2007-DGAD, dated 13th December, 2007, initiated a sunset review of the anti-dumping duty in force on import of "Certain Float Glass", originating in or exported from the above named countries. The Final Findings were issued by the Authority vide Notification No. 15/01/2007-DGAD dated 02nd December 2008. On the basis of the recommendations made by the Authority in the final findings, definitive anti-dumping duties were extended by the Central Government, vide Notifications No. 04/2009-Customs dated 06th January, 2009 on the imports of the above goods, originating in or exported from the subject countries for a further period of five years i.e., upto 5th January, 2014.

5. In 2013 M/s Gold Plus Glass Industry Limited, M/s HNG Float Glass Limited and M/s Saint-Gobain Glass India Limited, the major domestic manufacturers of the subject goods in India, filed a duly substantiated application before the Authority, on behalf of the domestic industry, in accordance with the Act and the Rules, alleging likelihood of continuation or recurrence of dumping of the above goods, originating in or exported from subject countries and continuation or recurrence of injury to the domestic industry in the event of cessation of duty, and requested for a review of the same for continuation and enhancement of the anti-dumping duties imposed on the imports of the subject goods originating in or exported from the subject countries.

6. On the basis of the duly substantiated application filed on behalf of the domestic industry and in accordance with section 9A(5) of the Act, read with Rule 23 of the Anti-dumping Rules, the Authority initiated a sunset review investigation, vide Notification No. 15/24/2013-DGAD dated 3rd January, 2014, to examine whether the expiry of the duty in force is likely to lead to continuation or recurrence of dumping and injury to the domestic industry. The validity of the anti-dumping duty on the imports of the subject goods from the subject countries was extended by the Central Government up to and inclusive of 5th day of January 2015, vide Notification No. 07/2014-Customs (ADD) dated 23rd January, 2014.

7. On the request of the Authority, the Central Government extended the time for completion of the Investigation by six months, i.e., up to 02nd July, 2015, in terms of Rule 17 of the AD Rules.

8. The scope of the present review covers all aspects of the original investigation concerning imports of the above goods, originating in or exported from the subject countries.

B. Procedure

9. The procedure described below has been followed with regard to the subject investigation:

 i. The embassies of the subject countries in New Delhi were informed about the initiation of the investigations in accordance with Rule 6(2).

 ii. The Authority provided copies of the non-confidential version of the application to the known exporters and the embassy of the subject countries in accordance with Rules 6(3) supra. A copy of the non- confidential version of the application was also made available in the public file and provided to other interested parties, wherever requested.

 iii. The Authority forwarded a copy of the public notice to the following known manufacturers/exporters in the subject countries (whose names and addresses were made available to the Authority) and gave them opportunity to make their views known in writing within forty days from the date of the letter in accordance with the Rules 6(2) & 6(4):

CHINA

1. M/s Luoyang Float Glass Group Co., Ltd.
2. M/s Qinhuangdao Huazhou Glass Co. Ltd., China

INDONESIA

1. M/s. PT Mulia Industrindo
2. M/s. PT Tensindo
3. M/s PT Abdi Rakyat Bakti

